ONE
by MSN

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH


# स्वतंत्र वार्ता


epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

MSN
REALTY
CRAFTING BETTER SPACES

वर्ष-30 अंक : 106 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) श्रावण कृ.2 2082 शनिवार, 12 जुलाई-2025

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✲ पृष्ठ : 14 मूल्य : 8 रुपये




CLUB ONE
MSN REALTY
CRAFTING BETTER SPACES
Indulgence That's One Step Above
7.7 ACRES
5 TOWERS
4 BHK
55 FLOORS
5,250 - 7,460 SFT. EXPANSIVE RESIDENCES
1,80,000 SFT. CLUBHOUSE, SKY PARK & PODIUM AMENITIES
12 FT. FLOOR-TO-FLOOR HEIGHT
SCAN FOR LOCATION
RESERVE YOUR PRIVATE VIEWING
9142 135 135 | www.msnrealty.com
SCAN FOR WEBSITE
Wingman Brandworks
CORPORATE OFFICE:
MSN Realty H. No. 2-91/10 &11, Laxmi Cyber City, Whitefields, Kondapur, Hyderabad, Telangana, India - 500084
SITE ADDRESS:
ONE by MSN, Plot No 1, NEOPOLIS, Kokapet, Hyderabad, Telangana - 500075
Project funded by ICICI Bank
DISCLAIMER: All norms and requirements pertaining to the environment, fire services, HMDA rules and regulations have been adhered to while designing One by MSN. The pictorial representation herein are merely creative imagination. Actual product may differ from what is indicated herein. The photographs contained herein may be stock/rendered photography used for illustrative purposes only. MSN Urban Ventures LLP reserves all rights on this offer & can change terms without any intimation/notice.





THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com


वर्ष-30 अंक : 106 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) श्रावण कृ.2 2082 शनिवार, 12 जुलाई-2025

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ❊ पृष्ठ : 14 मूल्य : 8 रुपये

## कार्टूनिस्ट की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, 11 जुलाई (एजेंसियां)। आरएसएस और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विवादित कार्टून साझा करने वाले कार्टूनिस्ट हेमंत मालवीय की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करने के लिए सुप्रीम कोर्ट तैयार हो गया है। उनकी याचिका पर 14 जुलाई को सुनवाई होगी। इससे पहले मंगलवार को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने हेमंत की याचिका खारिज कर दी थी। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने हेमंत मालवीय द्वारा दायर याचिका पर 14 जुलाई को सुनवाई करने पर सहमति व्यक्त की।

# 'डोभाल ने पाक से मांगे सबूत'




**> मूनीर की दौवों की खुल गयी पोल**

**> विदेशी मीडिया पर भी बरसे**

चेन्नई, 11 जुलाई (एजेंसियां)। आईआईटी मद्रास में आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर विदेशी मीडिया की रिपोर्टिंग पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कई विदेशी समाचार एजेंसियों ने भारत को लेकर भ्रामक और तथ्यहीन जानकारी प्रकाशित की है। इसके साथ ही अजित डोभाल ने कहा कि भारत का ऑपरेशन बेहद ही सफल रहा। हमने पाकिस्तान में नौ ठिकानों को निशाना बनाया था। इसमें से एक भी नहीं चूका।

एनएसए डोभाल ने कहा कि विदेशी प्रेस ने कहा कि पाकिस्तान ने यह किया, वो किया आप मुझे एक भी फोटो या सबूत दिखाइए जिसमें भारत में किसी इमारत को नुकसान हुआ हो, एक कांच तक टूटा हो उन्होंने बातें लिख दीं और छाप दीं। उन्होंने आगे कहा कि विदेशी मीडिया द्वारा जारी की गईं सैटेलाइट तस्वीरों में 10 मई से पहले और बाद में पाकिस्तान के 13 एयरबेस दिखाए गए, चाहे वह सरगोधा हो, रहीम यार खान हो या चकलाला। मैं सिर्फ वही बता रहा हूं जो उन्होंने अपनी रिपोर्टिंग में छापा। हममें यह क्षमता है कि अगर हम चाहें तो पाकिस्तान के एयरबेस को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

**पूरे ऑपरेशन में 23 मिनट लगे- अजीत डोभाल**

एनएसए अजीत डोभाल ने कहा कि हमें अपनी स्वदेशी तकनीक विकसित करनी होगी। ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र यहां किया गया था। हमें इस बात पर गर्व है कि इसमें कितनी स्वदेशी सामग्री थी... हमने पाकिस्तान के आर-पार नौ आतंकवादी ठिकानों पर निशाना साधने का फैसला किया, ये सीमावर्ती इलाकों में नहीं थे। हम कोई भी निशाना नहीं चूके। हमने इसके अलावा कहीं और निशाना नहीं साधा। यह उस बिंदु तक सटीक था जहां हमें पता था कि कौन कहां है? पूरे ऑपरेशन में 23 मिनट लगे। आप मुझे एक भी तस्वीर बताइए जिसमें भारत की तरफ से हुआ कोई नुकसान दिखाई दे रहा हो।

एनएसए अजीत डोभाल ने कहा कि हम एक ऐसे देश और ऐसी सभ्यता से ताल्लुक रखते हैं, जो हजार वर्षों से संकटग्रस्त, लहूलुहान और अपमानित रही है। हमारे पूर्वजों ने बहुत कुछ सहा है... मुझे नहीं पता कि इस सभ्यता को जीवित रखने और राष्ट्र की इस धारणा को जीवित रखने के लिए उन्होंने कितने अपमान, अभाव और कष्ट सहे होंगे। राष्ट्र, राज्य से अलग होता है।

## 'अबकी बार निर्णायक जंग'

**मराठा आरक्षण पर मनोज जरांगे के ऐलान से सरकार में खलबली, 29 को मुंबई मार्च**

मुंबई, 11 जुलाई (एजेंसियां)। मराठा आरक्षण की मांग को लेकर एक बार फिर महाराष्ट्र में सियासी हलचल तेज होने जा रही है। आंदोलन के प्रमुख चेहरे मनोज जरांगे पाटील ने ऐलान किया है कि वे 29 अगस्त को मुंबई के मंत्रालय तक विशाल मार्च निकालेंगे। उनका साफ कहना है कि जब तक मराठा समुदाय को ओबीसी श्रेणी में आरक्षण और 'सगे-संबंधी प्रमाणपत्र' के आधार पर सरकारी लाभ नहीं मिलता, वे पीछे नहीं हटेंगे। जरांगे ने मराठवाड़ा के धारसूर गांव में आयोजित सभा में लोगों से अपील की कि वे दो दिन के लिए मुंबई आएं और तीसरे दिन आरक्षण की जीत का जश्न मनाएं। जरांगे पाटील ने दावा किया है कि इस बार का आंदोलन पहले से भी बड़ा और निर्णायक होगा।

# 'टीटीडी में अभी भी 1000 गैर-हिंदू कर रहे हैं काम'

**> केंद्रीय मंत्री बी संजय का दावा**



तिरुपति, 11 जुलाई (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार ने शुक्रवार को तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) से आग्रह किया कि वह तिरुमला में कार्यरत गैर-हिंदू कर्मचारियों को हटाए। उन्होंने दावा किया कि टीटीडी में अब भी 1000 से ज्यादा गैर-हिंदू कर्मचारी कार्यरत हैं, जो एक पुरानी गलती को दर्शाता है।

**'टीटीडी को तुष्टिकरण की राजनीति का मंच नहीं बनना चाहिए'**

अपने जन्मदिन के मौके पर तिरुमला मंदिर में पूजा करने के बाद उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'टीटीडी में 1000 से अधिक गैर-हिंदू कर्मचारी क्यों हैं? क्या कभी मस्जिदों या चर्चों में हिंदुओं को नौकरी मिलती है? यह नफरत की बात नहीं है, यह धर्म की बात है। टीटीडी को तुष्टिकरण की राजनीति का मंच नहीं बनना चाहिए।' उन्होंने कहा कि टीटीडी का मिशन स्पष्ट होना चाहिए- मंदिरों का विकास करना, परंपराओं की रक्षा करना और मंदिरों से जुड़ी सभी जिम्मेदारियां केवल हिंदुओं को ही सौंपनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री बी. संजय ने कहा कि टीटीडी किसी व्यक्ति की संपत्ति नहीं है, यह केवल हिंदुओं की धार्मिक संस्था है। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए यह भी कहा कि सभी को 'सनातन धर्म' की रक्षा के लिए एकजुट होना चाहिए। उन्होंने टीटीडी अध्यक्ष से यह भी आग्रह किया कि वह तेलंगाना के कोण्डागट्टू, करीमनगर, वेमुलावाड़ा और इल्लंताकुंटा के मंदिरों के विकास पर ध्यान दें।

**चर्च में प्रार्थना करने वाले कर्मचारी पर कार्रवाई**

गौरतलब है कि टीटीडी ने 3 जुलाई को अपने सहायक कार्यकारी अधिकारी ए. राजशेखर बाबू को निलंबित कर दिया, क्योंकि वे तिरुपति जिले के पुत्तूर में हर रविवार चर्च की प्रार्थना में भाग ले रहे थे। टीटीडी के अनुसार, 'एक हिंदू धार्मिक संस्था के कर्मचारी के रूप में उन्होंने आचार संहिता का उल्लंघन किया है और गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार किया है।'

# राजा सिंह का इस्तीफा मंजूर

**> जेपी नड्डा ने दी मंजूरी > पार्टी पर लगाया था अनदेखी का आरोप**


(फाइल फोटो)

हैदराबाद, 11 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। राजनीतिक हलकों में बहस शुरू करने वाले एक कदम में, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के केंद्रीय नेतृत्व ने शुक्रवार को गोशामहल के विधायक राजा सिंह का पार्टी से इस्तीफा स्वीकार कर लिया है।

भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने इस आशय का एक पत्र विधायक को भेजा है। पत्र में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने राजा सिंह को सूचित किया है कि उनके इस्तीफे से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को अवगत करा दिया गया है। अरुण सिंह ने राजा सिंह को लिखे पत्र में कहा, 'आपके द्वारा उल्लिखित विषयवस्तु अप्रासंगिक है और पार्टी की कार्यप्रणाली, विचारधारा और सिद्धांतों से मेल नहीं खाती। जेपी नड्डा के निर्देशों के अनुसार, मैं सूचित करता हूँ कि आपका इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया गया है।' गोशामहल से भाजपा विधायक ने 30 जून को पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी को अपना त्यागपत्र सौंप दिया था। यह त्यागपत्र भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा पूर्व एमएलसी एन रामचंदर राव को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करने के निर्देश देने के बाद दिया गया था। गोशामहल से विधायक सहित कई अन्य लोग भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष बनने के इच्छुक थे। हालाँकि, केंद्रीय नेतृत्व के फैसले से उनकी उम्मीदें धराशायी हो गईं। अपने त्यागपत्र में, उन्होंने आरोप लगाया था कि कुछ निजी स्वार्थी लोगों ने केंद्रीय नेतृत्व को गुमराह किया और ज़मीनी कार्यकर्ताओं को दरकिनार करते हुए फ़ैसले लिए। राजा सिंह ने कहा था, 'यह पत्र उन लाखों भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों के दर्द और हताशा को दर्शाता है जो खुद को दरकिनार और अनसुना महसूस कर रहे हैं।' पिछले कुछ महीनों से, राजा सिंह पार्टी के खिलाफ काफी मुखर रहे हैं, खासकर कुछ फैसलों को लेकर।

# कन्नड़ अनिवार्य करने पर केंद्र-राज्य को नोटिस

*3 हफ्ते में जवाब मांगा-2023 में दायर याचिका में राज्य के तीन कानूनों को चुनौती*

बेंगलुरु, 12 जुलाई (एजेंसियां)। कर्नाटक हाईकोर्ट ने कन्नड़ भाषा की पढ़ाई अनिवार्य करने पर सरकार से जवाब मांगा है। इसके लिए तीन हफ्ते का समय दिया है। अदालत ने राज्य और केंद्र सरकार को नोटिस भी जारी किए हैं। राज्य के सीबीएससी और सीआईएससीई स्कूलों में कन्नड़ की पढ़ाई अनिवार्य करने के खिलाफ 2023 में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर हुई थी। कार्यवाहक चीफ जस्टिस वी कामेश्वर राव और जस्टिस सीएम जोशी की बेंच ने शुक्रवार को मामले में सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया। दो साल से ज्यादा समय बीतने के बाद भी सरकार ने मामले में कोई आपत्ति दाखिल दाखिल नहीं की है।

इस पर बेंच ने कहा कि अपनी मशीनरी तैयार करें, वरना हम अंतरिम राहत देने पर विचार करेंगे। याचिका में कन्नड़ लैंग्वेज लर्निंग एक्ट-2015, कन्नड़ लैंग्वेज लर्निंग रूल-2017 और कर्नाटक एजुकेशनल इंस्टीट्यूट रूल-2022 को चुनौती दी गई है। याचिका में कहा गया है कि तीनों कानून स्टूडेंट्स को अपनी पसंद की तीन भाषाएं चुनने के अधिकार का उल्लंघन करते हैं। इससे उनके रिजल्ट और भविष्य में रोजगार के अवसरों पर खराब असर पड़ सकता है। साथ ही अन्य भाषाएं पढ़ाने वाले टीचरों की आजीविका भी खतरा में पड़ सकती है। याचिका में हाईकोर्ट के पिछले आदेश का हवाला दिया गया है, जिसमें डिग्री कोर्सेज में कन्नड़ अनिवार्य करने संबंधी आदेश पर रोक लगाई गई थी।

## मराठा मिलिट्री लैंडस्केप्स विश्व धरोहर के लिए नामित

**दुनिया के 31 अन्य स्थलों के साथ होगा मूल्यांकन**

नई दिल्ली, 12 जुलाई (एजेंसियां)। भारत के 'मराठा मिलिट्री लैंडस्केप्स' को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किए जाने के लिए नामांकित किया गया है। इस प्रस्ताव का मूल्यांकन 6 से 16 जुलाई के बीच पेरिस में चल रहे यूनेस्को की विश्व धरोहर समिति (डब्ल्यूएचसी) के 47वें सत्र में किया जा रहा है। इस सत्र में दुनिया भर से कुल 32 नए स्थलों के नामांकन पर चर्चा की जा रही है, जिनमें भारत का यह ऐतिहासिक सैन्य तंत्र भी शामिल है। भारत की ओर से यह नामांकन 2024-25 चक्र के लिए प्रस्तुत किया गया है। 'मराठा मिलिट्री लैंडस्केप्स' में 12 किले और किलेबंद क्षेत्र शामिल हैं जो 17वीं से 19वीं शताब्दी के बीच विकसित किए गए थे। यह किले मराठा साम्राज्य की सैन्य शक्ति, रणनीति और निर्माण कला का अद्भुत उदाहरण माने जाते हैं।

# 'ओडिशा में 40,000 से ज्यादा महिलाएं कहां गईं पता नहीं'

**भुवनेश्वर में बोले राहुल गांधी, बीजेपी सरकार पर किया बड़ा प्रहार**



भुवनेश्वर, 11 जुलाई (एजेंसियां)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आज भुवनेश्वर के बारामुंडा मैदान में एक विशाल रैली 'संविधान बचाओ समावेश' को संबोधित किया। इस दौरान राहुल गांधी ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि ओडिशा में 40,000 से ज्यादा महिलाएं गायब हो गई हैं। आज तक नहीं मालूम कि ये महिलाएं कहां पर गईं। महिलाओं के खिलाफ हर रोज यहां पर अत्याचार होता है। यहां की सरकार को इससे कोई लेना-देना नहीं है।

राहुल गांधी ने कहा, 'ओडिशा सरकार का एक ही काम है कि राज्य के गरीब लोगों के हाथों से ओडिशा का धन चुराना। पहले बीजेडी सरकार ने यही किया और अब बीजेपी सरकार यही कर रही है। एक तरफ ओडिशा की गरीब जनता, दलित, आदिवासी, पिछड़ा वर्ग, किसान और मजदूर हैं, और दूसरी तरफ 5-6 अरबपति और बीजेपी सरकार है। यह लड़ाई जारी है। केवल कांग्रेस कार्यकर्ता, ओडिशा की जनता के साथ मिलकर, इस लड़ाई को जीत सकते हैं, कोई और नहीं।'

कांग्रेस सांसद ने कहा, 'बीजेपी लगातार संविधान पर आक्रमण कर रही है। जिस तरह से महाराष्ट्र में चुनाव चोरी किया गया, उसी तरह से बिहार में चुनाव चोरी करने की कोशिश की जा रही है। चुनाव चोरी करने के लिए चुनाव आयोग ने नई साजिश शुरू की है। चुनाव आयोग बीजेपी का काम कर रहा है, अपना काम नहीं कर रहा है। महाराष्ट्र के लोक सभा और विधानसभा चुनाव के बीच एक करोड़ नए वोटर आ गए, लेकिन अभी तक किसी को नहीं मालूम यह वोटर कौन थे और कहां से आए। हमने चुनाव आयोग से कई बार कहा कि- हमें वोटर लिस्ट दीजिए, वीडियो दीजिए, लेकिन चुनाव आयोग नहीं दे रहा।

ये लोग बिहार का चुनाव भी चोरी करना चाहते हैं, पर हम ऐसा कभी नहीं होने देंगे।' लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, 'अडानी ओडिशा सरकार चलाते हैं, अडानी नरेंद्र मोदी को चलाते हैं। जब ओडिशा में जगन्नाथ यात्रा निकाली जाती है, जब जगन्नाथ यात्रा के रथ खींचे जाते हैं, तो लाखों लोग इसे देखते हैं और इसका अनुसरण करते हैं।

## शिवसेना विधायक के खिलाफ मामला दर्ज करेगी मुंबई पुलिस

❊ कैंटीन कर्मचारी को पीटा था



मुंबई, 11 जुलाई (एजेंसियां)। मुंबई पुलिस शिवसेना विधायक संजय गायकवाड़ के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज करने की तैयारी में है। संजय गायकवाड़ ने खराब खाने की गुणवत्ता को लेकर आकाशवाणी विधायक गेस्ट हाउस में कैंटीन कर्मचारी को थप्पड़ मारा था। घटना 8 जुलाई को हुई थी। कैंटीन कर्मचारी को मुक्का मारने का वीडियो भी सामने आया था। मामले को लेकर विधायक संजय गायकवाड़ ने अगले दिन कहा था कि वहां खाने की क्वालिटी अच्छी नहीं थी। मुझे अपने किए पर कोई पछतावा नहीं है।

# एक करोड़ में 1340 गेंदें, 11.85 लाख में एयर कंडीशनर

*> हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष के खिलाफ दर्ज एफआईआर में आरोप*



हैदराबाद, 11 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सीआईडी ने दावा किया है कि क्रिकेट बॉल, एयर कंडीशनर, खेल परिधान और प्लंबिंग-ये वे मद हैं जिनके तहत हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एचसीए) के अध्यक्ष ए जगन मोहन राव ने एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष सीजे श्रीनिवास राव और इसके मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनील कांते के साथ मिलीभगत करके कथित तौर पर धन का 'दुरुपयोग' किया।

**2.32 करोड़ रुपये की हेराफेरी**

तेलंगाना अपराध जांच विभाग (सीआईडी) के अधिकारियों के अनुसार, कथित हेराफेरी कम से कम 2.32 करोड़ रुपये की थी। मामले में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, कथित हेराफेरी छह मामलों में हुई, जिसमें खानपान सेवाओं का 'आवंटन' और विद्युत सामग्री की "खरीद' शामिल है। सीआईडी का मामला 9 जून 2025 को तेलंगाना क्रिकेट एसोसिएशन के महासचिव डी गुरुवा रेड्डी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत पर आधारित है। एफआईआर (एफआईआर) के अनुसार, जगन मोहन राव ने एचसीए की शीर्ष परिषद के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर कथित तौर पर 1.03 करोड़ रुपये की हेराफेरी की। जगन मोहन राव ने यह दावा किया था कि उक्त राशि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के घरेलू सत्र 2024-25 के लिए क्रिकेट गेंदों की खरीद पर खर्च की जा रही है।

**1.03 करोड़ रुपये में सिर्फ 1340 गेंदें**

एफआईआर में लिखा है, 'इतनी बड़ी रकम में खरीदी गई गेंदों की संख्या सिर्फ 1340 थी।' एफआईआर में लिखा है कि इस खरीद में राव ने निविदा प्रक्रिया का उल्लंघन किया और स्टॉक रजिस्टर नहीं रखा। इसी तरह, नए एयर कंडीशनर पर कथित तौर पर 11.85 लाख रुपये खर्च किये गए बताए गए हैं। एफआईआर में कहा गया है कि आईपीएल 2023-24 और 2024-25 के लिए प्लंबिंग सामग्री की खरीद में कथित तौर पर 21.7 लाख रुपये की हेराफेरी की गई।

एफआईआर में यह भी आरोप लगाया गया है कि खानपान का काम एक निजी विक्रेता को 31.07 लाख रुपये में आवंटित किया गया था और बीसीसीआई के घरेलू सत्र 2024-25 के लिए खेल परिधान खरीद के नाम पर 56.84 लाख रुपये की हेराफेरी की गई थी। जगन मोहन राव, श्रीनिवास राव और सुनील कांटे को 9 जुलाई को धारा 465 (जालसाजी के लिए दंड), 468 (धोखाधड़ी के उद्देश्य से जालसाजी), 471 (जाली दस्तावेज या इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड को असली के रूप में इस्तेमाल करना), 403 (बेईमानी से संपत्ति का गबन), 409 (लोक सेवक या बैंकर, व्यापारी या एजेंट द्वारा आपराधिक विश्वासघात), 420 (धोखाधड़ी) को धारा 34 (सामान्य इरादे) के साथ जोड़कर गिरफ्तार किया गया था।

## 'बिहार के मतदाताओं को वंचित होने से बचाएगा सुप्रीम कोर्ट का आदेश'

**कांग्रेस का भाजपा पर निशाना**

नई दिल्ली, 11 जुलाई (एजेंसियां)। कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि सुप्रीम कोर्ट का आदेश (जिसमें बिहार में चल रही चुनाव आयोग की विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई हुई) स्पष्ट करता है कि किसी भी याचिकाकर्ता ने रोक लगाने की मांग नहीं की थी। कांग्रेस ने उम्मीद जताई कि यह फैसला बड़ी संख्या में मतदाताओं को मतदाता सूची से बाहर होने से बचाएगा।

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को चुनाव आयोग से कहा कि बिहार में चल रही विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड जैसे दस्तावेजों को वैध मानकर विचार किया जाए। बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जयमाल्या बागची की पीठ ने इसे सांविधानिक दायित्व बताया और चुनाव आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी की दलीलों को सुनने के बाद बिहार के सात करोड़ से अधिक मतदाताओं के लिए चल रही प्रक्रिया को जारी रखने की अनुमति दी। कांग्रेस के संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार, चुनाव आयोग को अब बिहार की विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया में मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी), आधार कार्ड और राशन कार्ड को स्वीकार करना होगा। इससे बड़ी संख्या में मतदाताओं को वंचित होने से बचाया जा सकेगा।रमेश ने अपनी पोस्ट के साथ कोर्ट के आदेश के स्क्रीनशॉट भी साझा किए। उन्होंने आगे कहा, इसके साथ ही यह भी स्पष्ट हो गया है कि याचिकाकर्ताओं की ओर से किसी भी प्रकार की रोक लगाने की मांग नहीं की गई थी। आदेश के पेज नंबर सात में यह साफ लिखा है।

# कर्नाटक हाईकोर्ट ने सीएम सिद्दारमैया को दी अंतरिम राहत

**मानहानि याचिका में ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक**



बेंगलुरु, 11 जुलाई (एजेंसियां)। कर्नाटक हाईकोर्ट ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री सिद्दारमैया को एक मानहानि मामले में राहत दी है। कोर्ट ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य इकाई की ओर से दायर आपराधिक मानहानि मामले में ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर अंतरिम रोक लगा दी है।


यह मामला 2023 के कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस की तरफ से प्रकाशित 'करप्शन रेट कार्ड' विज्ञापन और कथित तौर पर 'झूठे प्रचार' से जुड़ा है, जिसमें तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष सिद्दारमैया, डी.के. शिवकुमार (केपीसीसी के अध्यक्ष होने के नाते) और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भाजपा की छवि खराब करने का आरोप लगाया गया था। हाईकोर्ट के जज जस्टिस एस.आर. कृष्ण कुमार ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए महाधिवक्ता शशि किरण शेट्टी की दलीलें सुनने के बाद यह अंतरिम आदेश जारी किया। कोर्ट ने प्रतिवादी को नोटिस जारी किया और ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक लगा दी। शेट्टी ने कोर्ट को बताया कि यह वही मामला है, जिसमें पहले डी.के. शिवकुमार और कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) को 4 जुलाई को हाईकोर्ट से राहत मिल चुकी है। इसके अलावा, इसी मामले में इस साल जनवरी में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ भी ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक लगाई गई थी। भाजपा की शिकायत कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय अखबारों में प्रकाशित 'करप्शन रेट कार्ड' विज्ञापन और 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के 'झूठे प्रचार' के खिलाफ है। भाजपा का दावा है कि इन विज्ञापनों में लगाए आरोप झूठे थे।

भाजपा ने इसे 'काल्पनिक' और 'झूठा' बताते हुए कहा कि इससे उनकी छवि को नुकसान पहुंचा। साथ ही, विज्ञापनों में 'डबल इंजन सरकार' की जगह 'ट्रबल इंजन सरकार' शब्द का इस्तेमाल कर भाजपा की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने और चुनाव में उनकी संभावनाओं को प्रभावित करने की कोशिश की गई।

## कई महीने की रणनीति के बाद पकड़े कोयंबटूर बम विस्फोट के आरोपी

चेन्नई, 11 जुलाई (एजेंसियां)। तमिलनाडु पुलिस ने हाल ही में साल 1998 के कोयंबटूर सीरियल बम धमाकों के मुख्य आरोपी समेत तीन आतंकियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अब तमिलनाडु के डीजीपी शंकर जिवाल ने बताया कि तमिलनाडु पुलिस ने आतंकियों को पकड़ने के लिए कई महीने तक ऑपरेशन चलाया और कर्नाटक और आंध्र प्रदेश की पुलिस के साथ समन्वय करके ऑपरेशन को अंजाम दिया।


तमिलनाडु डीजीपी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 'अबूबकर सिद्दीकी, मोहम्मद अली और सादिक उर्फ टेलर राजा को लगभग तीन दशक तक फरार रहने के बाद गिरफ्तार किया गया है। पुलिस लगातार उनका पीछा कर रही थी। इन अभियानों को 'अराम' और 'अगाझी' नाम दिया गया था। ये तीनों व्यक्ति 1998 के कोयंबटूर सीरियल बम धमाकों के आरोपी हैं।

सुविचार

जितना आवश्यक हो उतना विनम्र रहें अनावश्यक विनम्रता दूसरों के अहंकार को बढ़ावा देती है

## पोन्नम प्रभाकर ने श्री उज्जयिनी महाकाली अम्मावरी के दर्शन किए



हैदराबाद, 11 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद के प्रभारी मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने सिकंदराबाद के श्री उज्जयिनी महाकाली अम्मावरी मंदिर में राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा और उनकी पत्नी का भव्य स्वागत किया। राज्यपाल और उनकी पत्नी ने अम्मावरी को बोनम और रेशमी कपड़े चढ़ाए। राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा और उनकी पत्नी मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने श्री उज्जयिनी महाकाली अम्मावरी की विशेष पूजा की। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर दसारी हरिचंदन, उप महापौर मोटे श्रीलता, बंदोबस्ती विभाग के आयुक्त और अन्य अधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने कहा कि आषाढ़ माह बोनालु जुड़वां शहर में धूमधाम से मनाया जा रहा है। गोलकुंडा जगदम्बा का पहला बोनालू पिछले महीने की 26 तारीख को शुरू हुआ और बालकम्पेट येलम्मा कल्याणम 1 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। श्री उज्जैनी महाकाली बोनालु रविवार 13 तारीख को सिकंदराबाद में आयोजित होगा। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी लश्कर बोनालु प्रदान करेंगे। सरकार की ओर से ज़िला कलेक्टर, धर्मस्व विभाग, पुलिस और जीएचएमसी के अधिकारियों ने सभी तैयारियाँ पूरी कर ली हैं। सरकार ने कई व्यवस्थाएँ की हैं, लोगों का सहयोग ज़रूरी है। श्रद्धालुओं के लिए बिना किसी असुविधा के व्यवस्था की गई है। लोगों को आकर्षित करने वाला लश्कर बोनालु ऐतिहासिक है। देवी का आशीर्वाद लोगों की भलाई के लिए बना रहे। पूरा राज्य अच्छी बारिश और दुग्ध उत्पादन के लिए देवी से प्रार्थना कर रहा है। राज्यपाल ने सती के साथ देवी के दर्शन किए। उन्होंने पुजारियों से देवी के इतिहास के बारे में पूछा।13 तारीख को बोनालु और 14 तारीख को भविष्यवाणी रंगम कार्यक्रम होगा। तेलंगाना के लोगों की भलाई के लिए आषाढ़ मास का बोनालु हर्षोल्लास के साथ मनाया जाना चाहिए।

## केन्द्रीयमंत्री आज नवनियुक्तों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे

हैदराबाद, 11 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय कैबिनेट मंत्री जी. किशन रेड्डी, रोज़गार मेले के अंतर्गत केंद्र सरकार के नव-चयनित कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। यह कार्यक्रम 12 जुलाई, 2025 को सुबह 10 बजे रेल कलारंग, भोईगुडा, सिकंदराबाद में आयोजित होगा। राष्ट्रीय स्तर पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 जुलाई को सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त युवाओं को 51,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इस अवसर पर वे नियुक्त लोगों को संबोधित भी करेंगे। रोज़गार मेला, रोज़गार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। रोज़गार मेला युवाओं को उनके सशक्तिकरण और राष्ट्र निर्माण में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। देश भर में रोज़गार मेलों के माध्यम से अब तक 10 लाख से अधिक भर्ती पत्र जारी किए जा चुके हैं। 16वां रोज़गार मेला देश भर में 47 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। दक्षिण मध्य रेलवे में, यह समारोह सिकंदराबाद, गुंटूर और गुंतकल में तीन स्थानों पर आयोजित किया जा रहा है। सिकंदराबाद में, विभिन्न विभागों के अधिकारियों को इस कार्यक्रम के दौरान नियुक्ति पत्र दिए जाएँगे। ये भर्तियाँ केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में हो रही हैं। देश भर से चुने गए नए कर्मचारी रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, डाक विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय सहित अन्य विभागों और मंत्रालयों में शामिल होंगे।

## कांग्रेस ने स्थानीय निकायों में 42% आरक्षण लागू करने के सरकार के फैसले की सराहना की



हैदराबाद, 11 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस पार्टी ने स्थानीय निकाय चुनावों में पिछड़े वर्गों (बीसी) के लिए 42 प्रतिशत आरक्षण लागू करने के तेलंगाना सरकार के फैसले की सराहना की है। कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ द्वारा शुक्रवार को गांधी भवन में समारोह आयोजित किया गया। पार्टी सदस्यों ने आतिशबाजी और मिठाइयाँ बाँटकर इस अवसर को यादगार बनाया। इस अवसर पर तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के अध्यक्ष महेश कुमार गौड़, कार्यकारी अध्यक्ष अंजन कुमार यादव, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष नुथी श्रीकांत, उपाध्यक्ष संगीसेट्टी जगदीश, आलम भास्कर, गज्जी भास्कर सहित अन्य नेता उपस्थित थे। समारोह के दौरान, महेश कुमार गौड़ ने इस बात पर ज़ोर दिया कि यह महत्वपूर्ण निर्णय अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के दृष्टिकोण को दर्शाता है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि पिछड़ी जातियों के लिए 42 प्रतिशत आरक्षण का कार्यान्वयन कांग्रेस पार्टी की अपने नेतृत्व के माध्यम से सामाजिक न्याय प्राप्त करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह कहते हुए कि कांग्रेस पिछड़े वर्गों के उत्थान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में अडिग है, महेश कुमार गौड़ ने राहुल गांधी के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए उच्च जाति पृष्ठभूमि से आने वाले मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क, पिछड़ी जाति कल्याण मंत्री पोन्नम प्रभाकर और अन्य कैबिनेट सदस्यों के प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने पिछड़ी जातियों के आरक्षण के संबंध में कांग्रेस की उपलब्धियों का श्रेय लेने की कोशिश करने के लिए बीआरएस एमएलसी कविता की भी आलोचना की और कहा कि जनता उनके निराधार दावों का मज़ाक उड़ा रही है। टीपीसीसी प्रमुख ने पिछड़ी जातियों के आरक्षण में कविता की भागीदारी पर सवाल उठाते हुए कहा, 'मामूली विरोध प्रदर्शनों के आधार पर पिछड़ी जातियों के आरक्षण का श्रेय लेना और यह दावा करना कि यह उनके कार्यों के कारण संभव हुआ है, हास्यास्पद है।' उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि बीआरएस सरकार के कार्यकाल में पिछड़े वर्गों के लिए कोई महत्वपूर्ण कदम नहीं उठाए गए। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि राहुल गांधी के एजेंडे और मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के समर्पण के कारण पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण संभव हो पाया।

## हरीश राव ने घोष आयोग को केएलआईएस बैराज डेटा सौंपा

### राज्य पर दस्तावेज़ रोकने का लगाया आरोप



हैदराबाद, 11 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री और बीआरएस विधायक टी. हरीश राव ने शुक्रवार को न्यायमूर्ति पिनाकी चंद्र घोष आयोग से मुलाकात की और कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई योजना के मेदिगड्डा, अन्नाराम और सुंडिला बैराजों की मंज़ूरी और निर्माण से संबंधित जानकारी सौंपी। बाद में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, उन्होंने स्पष्ट किया कि चूँकि अब वे सरकार में नहीं हैं, इसलिए सभी संबंधित दस्तावेज़ राज्य प्रशासन के पास हैं। राव ने बताया कि उन्होंने मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन सचिव और सिंचाई सचिव को पत्र लिखकर कैबिनेट के फ़ैसलों और टिप्पणियों का अनुरोध किया था, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। उन्होंने अपनी जानकारी के साथ एक नोट जमा किया, जिसमें मेदिगड्डा, अन्नाराम और सुंडिला बैराज से संबंधित छह कैबिनेट मंज़ूरियों और तीन विधानसभा मंज़ूरियों का विवरण शामिल था।

राव ने कहा कि उन्होंने आयोग को अनुमोदनों और चर्चाओं की विस्तृत जानकारी वाले दस्तावेज़ उपलब्ध कराए हैं। चूँकि आयोग का काम अभी प्रगति पर है, उन्होंने कहा कि वे अभी और विवरण नहीं दे सकते, लेकिन उपयुक्त होने पर साझा करेंगे। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि आयोग के साथ उनके सहयोग के बावजूद, सरकार उनके साथ अनुरोधित दस्तावेज़ साझा नहीं कर रही है। राव ने सरकार की पारदर्शिता पर सवाल उठाया और आशंका व्यक्त की कि वह आयोग को भ्रामक जानकारी दे रही है।

## मुख्यमंत्री रेवंत 14 जुलाई को नए राशन कार्डों के वितरण का शुभारंभ करेंगे

हैदराबाद, 11 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य भर में नए राशन कार्ड जारी करने की समय-सारिणी को अंतिम रूप दे दिया गया है। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी 14 जुलाई को सूर्यपेट जिले के थुंगतुर्थी विधानसभा क्षेत्र में 2.4 लाख नए राशन कार्डों के वितरण कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ करेंगे। राज्य सरकार की इस पहल से तेलंगाना राज्य के 11.30 लाख गरीब लोगों को लाभ होगा। पिछले छह महीनों में, राज्य सरकार 41 लाख लोगों को नया राशन वितरित कर चुकी है। नए जारी किए गए राशन कार्डों के साथ, राज्य में राशन कार्डों की संख्या 94,72,422 तक पहुँच जाएगी। कुल मिलाकर, तेलंगाना में लगभग 3.14 करोड़ लोग राशन कार्डों से लाभान्वित हो रहे हैं।

## हाइड्रा ने बालकापुर और आईडीएल नालों से हटाया अतिक्रमण

हैदराबाद, 11 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। अतिक्रमण के कारण आवासीय बस्तियों के जलमग्न होने की स्थानीय लोगों की शिकायतों के बाद, हाइड्रा ने शुक्रवार को आईडीएल नाला और बालकपुर नाला के किनारे अतिक्रमण हटाने का काम शुरू किया। रंगारेड्डी ज़िले के शंकरपल्ली स्थित बालकापुर झील से शुरू होने वाला यह नाला आईटी कॉरिडोर से होते हुए चिंतलबस्ती में शहर में प्रवेश करता है और वहाँ से थुम्मलबस्ती और खैरताबाद को पार करते हुए हुसैन सागर में मिल जाता है। हाइड्रा के अधिकारियों ने बताया कि नाले में कई जगहों पर अतिक्रमण है और थुम्मलबस्ती और आनंदनगर के बीच इसकी मूल 8 मीटर की चौड़ाई 5 मीटर तक सीमित कर दी गई है, जिससे बारिश के दौरान जलभराव हो जाता है।

हाइड्रा ने समारोह हॉल के पास बनाई गई बाड़ को हटा दिया तथा कुछ अन्य लोगों को यह आश्वासन देकर समय दिया कि वे अतिक्रमण हटा लेंगे। इस बीच, अधिकारियों ने बताया कि कुकटपल्ली में आईडीएल नाले पर अतिक्रमण के कारण कई जगहों पर नाला 7 मीटर से घटकर 2 मीटर रह गया था, जिससे हबीब नगर, श्रीहरि नगर और शिवशक्ति नगर में जलभराव हो गया।

## तीन वर्षों में पाँच लाख इंदिराम्मा आवास वितरित करने का इच्छुक : श्रीधर बाबू



हैदराबाद, 11 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। सूचना प्रौद्योगिकी एवं उद्योग मंत्री दुदिल्ला श्रीधर बाबू ने कहा कि पर्यावरण-अनुकूल निर्माण पद्धतियाँ जलवायु परिवर्तन, शहरीकरण, प्रदूषण और बढ़ते कार्बन उत्सर्जन जैसी वैश्विक चुनौतियों का व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत करती हैं। उन्होंने इस दिशा में तेलंगाना सरकार के रणनीतिक फोकस पर ज़ोर दिया और सिविल इंजीनियरों से इस परिवर्तनकारी यात्रा में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की। उन्होंने साढ़े तीन वर्षों के भीतर पात्र लाभार्थियों को 5,00,000 इंदिराम्मा आवास वितरित करने के राज्य के महत्वाकांक्षी लक्ष्य पर प्रकाश डाला। मंत्री, एसोसिएशन ऑफ कंसल्टिंग सिविल इंजीनियर्स (हैदराबाद केंद्र) द्वारा रायदुर्ग स्थित इंजीनियरिंग स्टाफ कॉलेज में आयोजित "नेक्स्ट-जेन हाई-राइज़ बिल्डिंग्स - एडवांसमेंट्स इन कम्पोजिट एंड स्टील स्ट्रक्चर्स" शीर्षक से दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे।

उन्होंने बताया कि तेलंगाना में निर्माण क्षेत्र ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 11.977 की प्रभावशाली वृद्धि दर दर्ज की है, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था में <80,000 करोड़ से अधिक का योगदान हुआ है, जो सेवा क्षेत्र में सकल मूल्यवर्धन का 24.97 है-जो इस क्षेत्र की मज़बूत वृद्धि का सूचक है। "सभी प्रमुख महानगरों में ऊँची इमारतों की संख्या तेज़ी से बढ़ रही है। अकेले हैदराबाद में 100 मीटर से ऊँची 200 से ज़्यादा इमारतें हैं, और 250 अन्य इमारतें वर्तमान में निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं," मंत्री ने कहा। "शहरी विस्तार के इस बढ़ते विस्तार के लिए निर्माण के प्रति एक ज़िम्मेदार और पर्यावरण के प्रति जागरूक दृष्टिकोण की आवश्यकता है।"

उन्होंने ऊँची इमारतों के विकास के लिए पारंपरिक प्रबलित सीमेंट कंक्रीट (आरसीसी) संरचनाओं के स्थान पर मिश्रित और इस्पात संरचनाओं का उपयोग करने की वकालत की। मंत्री के अनुसार, मिश्रित इस्पात संरचनाओं के उपयोग से निर्माण समय में 40% की कमी आ सकती है, संरचनात्मक भार में 30% की कमी आ सकती है, और भूकंपीय गतिविधियों के प्रति बेहतर प्रतिरोध प्रदान किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, वे निर्माण के दौरान प्रदूषण को कम करते हैं और पुनर्चक्रण के माध्यम से चक्रीय अर्थव्यवस्था के सिद्धांतों को बढ़ावा देते हैं।

"तेलंगाना केवल नवाचार की बात नहीं कर रहा है - बल्कि उसे लागू भी कर रहा है। हम अगली पीढ़ियों के लिए एक स्थायी भविष्य के निर्माण हेतु मिश्रित इस्पात संरचनाओं को अपनाने को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहे हैं। शहरवासियों के लिए सुलभ बनाए गए इस्पात पुल इस दृष्टिकोण के प्रमाण हैं।," उन्होंने निर्माण क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी उभरती तकनीकों के एकीकरण के साथ-साथ 'बिल्ड नाउ' पोर्टल जैसी पहलों के बारे में भी बात की, जो भवन निर्माण अनुमतियों में गति, जवाबदेही और पारदर्शिता को बढ़ाता है।

## ऑटो रिक्शा पलटने से 4 छात्र घायल

मंचेरियल, 11 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। जयपुर मंडल के नारवा गांव में शुक्रवार को 23 विद्यार्थियों को ले जा रहा एक स्कूल ऑटो रिक्शा पलट जाने से 4 विद्यार्थी घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि नासपुर मंडल के श्रीरामपुर गाँव के एक निजी स्कूल के छात्रों को मामूली चोटें आईं जब गाँव के पास एक मोड़ पर ऑटो-रिक्शा पलट गया। उन्हें तुरंत मंचेरियल के एक सरकारी स्कूल में भर्ती कराया गया।

उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। अभिभावकों ने वाहन में यात्रा कर रहे अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से स्कूलों में सड़क सुरक्षा मानदंडों का पालन सुनिश्चित करने और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए निरीक्षण करने का आग्रह किया।

## निरंजन रेड्डी ने की जल संसाधनों के प्रबंधन में असमर्थता के लिए रेवंत रेड्डी की आलोचना



हैदराबाद, 11 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री और बीआरएस नेता सिंगीरेड्डी निरंजन रेड्डी ने मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी पर तीखा हमला करते हुए उन पर लोकतांत्रिक सिद्धांतों को कमजोर करने और राज्य के महत्वपूर्ण मुद्दों को हल करने में विफल रहने का आरोप लगाया। गुरुवार को तेलंगाना भवन में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, निरंजन रेड्डी ने जल संसाधनों के प्रबंधन में असमर्थता और विपक्षी नेताओं के खिलाफ भड़काऊ टिप्पणी करने के लिए मुख्यमंत्री की आलोचना की। प्रेस क्लबों पर उनकी टिप्पणियों की निंदा करते हुए, उन्होंने मुख्यमंत्री से अपनी टिप्पणियों के लिए माफ़ी मांगने की माँग की और कहा कि कांग्रेस नेता शासन की विफलताओं से जनता का ध्यान हटाने के लिए अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि रेवंत रेड्डी की गतिविधियां तेलंगाना विरोधी ताकतों को लाभ पहुंचाने वाली हैं, 'जनता इस तरह के व्यवहार का जवाब वोटों से देगी।' राज्य में जल प्रबंधन की समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए, निरंजन रेड्डी ने कहा कि कांग्रेस सरकार जल अधिकारों को सुरक्षित करने में विफल होकर तेलंगाना को संकट में डाल रही है। उन्होंने बताया कि बीआरएस नेता टी हरीश राव को हस्तक्षेप करना पड़ा ताकि सरकार बानाकाचेरला मुद्दे पर केंद्र को पत्र लिख सके। उन्होंने सवाल उठाया कि रेवंत रेड्डी ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री के साथ बैठक क्यों रद्द की और आरोप लगाया कि यह आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के इशारे पर किया गया था।

**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं. eT-Bridges-WAT-10-2025, दिनांक : 05.07.2025

**कार्य का नाम :** सहायक मण्डल अभियन्ता /ब्रिज / वाल्टियर के अधिकार क्षेत्र के अधीन मुख्य लाइन में दुसी - पोंदुरु स्टेशन के बीच ब्रिज नं.1383 UP में जंग लगे एवं टूटे हुए रनर प्लेटों की मरम्मत एवं रिवेट्स (Rivets) की पुन:पूर्ति (Recouping)।

**कार्य की आकलित लागत (रुपये में) :** ₹ 1,40,96,857.80, EMD (रुपये में) : ₹ 2,20,500/-

पूरा होने की अवधि : 06 (छह) महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 29.07.2025 को 1500 बजे।

ऐसी ई-निविदाओं के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव के बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम 10 दिन पहले वेबसाइट का अवलोकन करें।

वरिष्ठ मण्डल अभियन्ता (ब्रिज), वाल्टियर

PR-351/Q/25-26

## उच्च न्यायालय ने इंजीनियरिंग कॉलेजों की फीस बढ़ाने की याचिका खारिज की

हैदराबाद, 11 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य के निजी इंजीनियरिंग कॉलेज मुश्किल में हैं। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने कॉलेजों द्वारा फीस बढ़ाने की अनुमति मांगने वाली याचिका खारिज कर दी है। इसने टीएएसआरसी (तेलंगाना प्रवेश एवं शुल्क नियामक समिति) को फीस वृद्धि के अनुरोधों पर निर्णय लेने का आदेश दिया है। इसने निर्देश दिया है कि छह सप्ताह के भीतर निर्णय लिया जाए और राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजे जाएँ। इसने स्पष्ट किया है कि फीस वृद्धि राज्य सरकार द्वारा लिए गए अंतिम निर्णय पर निर्भर करेगी। उच्च न्यायालय ने गुरुवार को सुनवाई के दौरान टीएएसआरसी के रवैये पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि इंजीनियरिंग कॉलेजों में फीस वृद्धि का एक चलन हर साल चल रहा है। इसने टिप्पणी की कि हर साल कॉलेज फीस वृद्धि के प्रस्ताव देते हैं और टीएएसआरसी तब तक इस पर सिफारिशें नहीं करता जब तक कि प्रवेश परामर्श पूरा नहीं हो जाता, प्रवेश नहीं हो जाते और कॉलेज न्यायालय का दरवाजा खटखटाते हैं। गुरु नानक, गोकाराजू रंगाराजू कॉलेज समेत करीब 11 कॉलेजों ने गुरुवार को राज्य सरकार द्वारा जारी सरकारी आदेश संख्या 26 को चुनौती देते हुए लंच मोशन याचिकाएँ दायर कीं। आदेशों में कहा गया है कि इंजीनियरिंग कॉलेजों में अंतिम ब्लॉक अवधि की फीस 2025-26 तक लागू रहेगी। न्यायमूर्ति के. लक्ष्मण ने इनकी जाँच की और कहा कि हर तीन साल में कॉलेजों का निरीक्षण न करना और फीस वृद्धि पर निर्णय न लेना गलत है। उन्होंने कहा कि जब दिसंबर में प्रस्ताव आए थे, तो जून तक कोई निर्णय नहीं लिया गया और समिति से पूछा कि 15 सदस्यीय समिति के निर्णय में देरी क्यों हुई। कॉलेजों से पूछा गया कि उन्होंने टीएएसआरसी पर दबाव क्यों नहीं डाला और काउंसलिंग पूरी होने के बाद याचिकाएँ क्यों दायर कीं। कॉलेजों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अविनाश देसाई ने कहा कि उन्होंने पिछले दिसंबर में प्रस्ताव प्रस्तुत किए थे, समिति की मार्च में बैठक हुई और उनके प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई। टीएएसआरसी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता पी. श्री रघुराम ने कहा कि कॉलेजों ने 5,000 पृष्ठों का प्रस्ताव प्रस्तुत किया है, जिसकी जाँच में समय लगेगा। इस संदर्भ में, उन्होंने कहा कि पिछले ब्लॉक अवधि में ली गई फीस को इस शैक्षणिक वर्ष के लिए अनुशंसित किया गया है। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता राहुल रेड्डी ने कहा कि कुछ कॉलेज पिछले वर्ष की तुलना में लगभग %0 से 90 प्रतिशत की वृद्धि की मांग कर रहे थे। दलीलें सुनने के बाद, न्यायाधीश ने शुक्रवार को आदेश जारी किए।

**NOTICE**

**IN THE COURT OF THE HON'BLE V SENIOR CIVIL JUDGE: CITY CIVIL COURT:: AT: HYDERABAD**

**O.S. No. 714 of 2025**

Between:

1. **Sri. Ladhu Ram Jain**, S/o. Sri. Meghraj Jain, Aged about 71 years, Occ: Business, R/o. H.No. 1-8-430/8/1, Street No.7, Chikkadpally, Hyderabad – 500 020.
2. **Smt. M. Kavitha Bai**, W/o. Sri. N. Mahaveer, Aged about 49 years, Occ: Housewife, R/o. Chand, 268(A) New 193/A, Main Bazaar Nilgiris, Udhagai, Udhagamandalam, Tamil Nadu - 643001
3. **Sri. Ashish Kumar Jain**, S/o. Ladhuram Jain, Aged about 39 years, Occ: Business, R/o. H.No. 1-8-430/8/1, Street No.7, Chikkadpally, Hyderabad – 500 020.
4. **Sri. Anand Kumar Jain**, S/o. Ladhuram Jain, Aged about 32 years, Occ: Business, R/o. H.No. 1-8-430/8/1, Street No.7, Chikkadpally, Hyderabad – 500 020. ...*Plaintiffs*

AND

1. **The Tahsildar, Musheerabad Mandal, Hyderabad.** .....Def.No.1
2. All Concerned .....Def.No.2

To

All Concerned,

The above Plaintiffs have filed a suit for declaration of Legal Heirs of Late Mangi Bai alias Mangi Devi Jain. Any person who has a claim or objection in issuance of Legal Heir Certificate may appear before the Court on **28-08-2025** on the file of The Hon'ble V Senior Civil Judge, City Civil Court, Hyderabad with supporting documents in person or through an Advocate. Else it is deemed that no claim or interest or objection is subsisting and my clients will be declared as Legal Heirs.

**SCHEDULE OF PROPERTY:** All that the House No.1-8-430/8/1, on Plot No.12 (A), admeasuring 130.27 Sq. yards or 108.92 Sq. meters, situated at Chikkadpally, Hyderabad, Telangana State and bounded by : **NORTH** : H.No.1-8-430/8/2 on Plot No.12, **SOUTH** :H.No.1-8-430/8, **EAST** : H.No.1-8-430/6, **WEST** : 20' Wide Road

Take Notice accordingly.

Sd/-M/s. **SANJEEV SINGH**, Advocate
# 2-2-1167/11/B/1/A, 1st Floor, Beside Shivalayam Temple, Tilak Nagar, New Nallakunta, Hyderabad – 500 044.
PH. No.9160456486
Counsel for the Plaintiffs

**CLASSIFIEDS**

**CHANGE OF NAME**

I, V. CHANNDMMA , (Old Name) W/o. Late.Varidi Reddy Krishna Reddy, R/o. 11-15-15/4/3D, Doctors Colony, Rd No.3, L B Nagar, Saroornagar, R.R Dist- 500035, TS. have Changed My Name From V. CHANNDMMA (Old Name) to VARIDI REDDY CHANAMMA REDDY(New Name) vide Affidavit number 40AA 994034, dated 11-07-2025.

**सावधान**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

## बोनालू उत्सव की तैयारियों की समीक्षा को लेकर हुई समीक्षा बैठक



हैदराबाद, 11 जुलाई (स्वतंत्र वार्ता)। आगामी बोनालू उत्सव की तैयारियों की समीक्षा और अंतिम रूप देने के लिए आज शाम को छतरीनाका पुलिस स्टेशन की सीमा में एक समन्वय बैठक आयोजित की गई, जिसमें दक्षिण क्षेत्र बोनालू, विशेष रूप से लाल दरवाजा उज्जैन महाकाली अम्मावरी बोनालू पर विशेष ध्यान दिया गया। इस बैठक का नेतृत्व सरकार की प्रमुख सचिव (धर्मस्व) श्रीमती शैलजा और हैदराबाद सिटी पुलिस के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त विक्रम सिंह मान ने संयुक्त रूप से किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक उत्सवों के सुचारू और सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करना था, जिसमें व्यापक सुरक्षा उपायों, प्रभावी यातायात प्रबंधन और आवश्यक नागरिक सुविधाओं के प्रावधान जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर ध्यान दिया गया। पुलिस, धर्मस्व, जीएचएमसी, बिजली और जल आपूर्ति सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने मंदिर समितियों के सदस्यों के साथ कानून-व्यवस्था बनाए रखने, लाल दरवाजा और उज्जैनी महाकाली जैसे प्रमुख मंदिरों में भीड़ को प्रबंधित करने और सभी भक्तों के लिए एक सुरक्षित और निर्बाध अनुभव सुनिश्चित करने के प्रयासों में समन्वय के लिए भाग लिया। उल्लेखनीय उपस्थित लोगों में बंदोबस्ती आयुक्त वेंकट राव, अतिरिक्त आयुक्त जीएचएमसी, स्नेहा मेहरा डीसीपी साउथ जोन, टी. वेंकन्ना जोनल कमिश्नर, साउथ जोन, आर. वेंकटेश्वरलु डीसीपी ट्रैफिक, और उम्मदी देवालय समिति के अध्यक्ष जी. राघवेंद्र राजू रहे।

## औराई सीओ और राजस्व कर्मचारी ने लिए 1.12 करोड़, अब नहीं दे पा रहे खर्च का ब्योरा

मुजफ्फरपुर, 11 जुलाई (एजेंसियां)। औराई सीओ और तत्कालीन राजस्व कर्मचारी ने अलग-अलग करीब 1 करोड़ 12 लाख रुपये से अधिक अग्रिम मद में राशि लिया, लेकिन अब तक खर्च का ब्योरा नहीं दिया है। जबकि औराई बीडीओ की ओर से कई बार संबंधितों को पत्र भेजकर निकासी की राशि का हिसाब देते हुए समायोजन करने का निर्देश दिया गया है। इसके बावजूद सालभर से सीओ सिर्फ आश्वासन दे रहे हैं और राजस्व कर्मचारी का तबादला हो चुका है। वे वर्तमान में गायघाट अंचल कार्यालय में तैनात हैं। औराई बीडीओ ने सीओ और राजस्व कर्मचारी को रिमाइंडर भेजा है और शीघ्र निकासी की गई राशि का ब्योरा देने को कहा है। उन्होंने राजस्व कर्मचारी पर कानूनी कार्रवाई करने की भी चेतावनी दी है। बताया गया कि औराई सीओ कार्यालय के स्तर से अग्रिम राशि की मांग गई थी। इसके आलोक में चेक के माध्यम से 99 लाख 64 हजार 800 रुपये का आवंटन किया गया। वर्ष 2022 से उक्त राशि के समायोजन को लेकर सीओ से पत्राचार किया जा रहा है। डीएम की समीक्षा बैठक में लगातार इसपर सवाल पूछा जा रहा है। करीब साल भर पहले सीओ ने निकासी की गई राशि का खर्च से संबंधित ब्योरा देने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक समायोजन नहीं किया गया। इसी प्रकार राजस्व कर्मचारी ने प्रखंड नजारत से 11 लाख 95 हजार 220 रुपये लिए, लेकिन अब तक यह राशि किस मद में खर्च की। इसका ब्योरा नहीं दिया। बीडीओ ने अविलंब इस राशि का हिसाब देने अन्यथा कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

## बिहार के 1.11 करोड़ लोगों के खाते में पेंशन की राशि ट्रांसफर



पटना, 11 जुलाई (एजेंसियां)। बिहार चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहारवासियों को बड़ा तोहफा दे दिया है। सीएम नीतीश कुमार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन की बढ़ी हुई राशि को एक करोड़ 11 लाख लोगों के खाते में ट्रांसफर कर दिया है। मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना, बिहार निशक्तता पेंशन योजना, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना के लाभुकों के खाते में आज 400 रुपये की जगह 1100 रुपये मिले। सीएम नीतीश कुमार ने वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए अणे मार्ग स्थित संवाद में 1227.27 करोड़ की राशि डीबीटी के जरिए हस्तांतरित कर दी। इसके बाद उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर हाल में महीने के 10 तारीख को लोगों के खाते में सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि ट्रांसफर कर दी जाए। आइए जानते हैं सीएम नीतीश कुमार ने क्या-क्या बातें कहीं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि हर महीना की 10 तारीख को आपके खाते में 1100 रुपये चला जाएगा। सीएम नीतीश कुमार ने लालू राज की याद फिर से दिलाई। कहा कि 2005 से पहले क्या हुआ था? यह आपलोग सब जानते ही हैं। पहले उनलोगों ने क्या काम किया था। आपको याद दिलाते हैं हमलोगों ने ही काम किया था। पहले महिला को कोई पूछता था। पिछली सरकार ने महिलाओं के क्या किया? वह तो आपलोग जानते ही हैं। लेकिन, हमलोग आए तो महिलाओं के लिए काफी काम किया। 50 प्रतिशत आरक्षण दिया। नौकरी में भी 35 प्रतिशत आरक्षण दिया। अब देखिए महिलाएं कितनी खुश हैं।

**सभी को आयुष्मान भारत कार्ड भी उपलब्ध कराने का निर्देश**

सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि आप सभी स्वस्थ एवं सुखी रहें और इसीलिए मैंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया है कि आप सभी को आयुष्मान भारत कार्ड भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि अस्वस्थता की स्थिति में आपको निःशुल्क उचित उपचार मिल सके। वृद्धजन, विधवा महिलाएं एवं दिव्यांगजन समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उनका जीवन बेहतर करने के लिए हमलोग लगातार काम कर रहे हैं।

## यूपी में कांग्रेस की पोल खोल यात्रा
### मुकदमा दर्ज होने के बाद अजय राय का ऐलान

**कल सड़कों पर उतरेंगे कांग्रेसी**

वाराणसी, 11 जुलाई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय समेत 50 से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई के खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने प्रदेशव्यापी विरोध का ऐलान किया है। कांग्रेस पार्टी की ओर से कल पूरे उत्तर प्रदेश में 'पोल खोल यात्रा' निकाली जाएगी। जिसके बाद पार्टी प्रदेश के राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर अपना विरोध दर्ज कराएगी। यूपी कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने कहा, 'हमने वाराणसी में विनाश और सच्चाई को उजागर किया तो हमारे खिलाफ मुकदमा कर दिया गया। लेकिन हम डरने वाले नहीं हैं। कांग्रेस पूरे प्रदेश में सड़कों पर उतरेगी।' इस कार्रवाई के खिलाफ भी हम सड़कों पर उतरने जा रहे हैं। वहीं अजय राय आने वाले यूपी विधानसभा चुनाव में लड़ने का रास्ता भी साफ कर दिया है और जहां से वो चुनाव लड़ेंगे इस बात को भी स्पष्ट कर दिया है। अजय राय ने कावड़ यात्रा शिविर का वीडियो जारी करते हुए राज्य सरकार पर निशाना साधा और कहा है कि 'शिविरों में न बिजली है, न पानी, सिर्फ मार्केटिंग हो रही है, सरकार दिखावा कर रही है।' उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा, 'उत्तराखंड में ऑपरेशन कालनैमी चलाने वालों को पहले अपने अंदर के कालनैमी खोजने चाहिए, बीजेपी और आरएसएस में कई बैठे हैं।' बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन का मुद्दा चर्चा में है। इसी मुद्दे पर अजय राय ने विश्वास जताया है कि 'न्यायालय बिहार की जनता का जरूर ध्यान रखेगा।' वहीं महाराष्ट्र में चल रहे भाषा विवाद पर उन्होंने कहा, 'हमें गर्व है

## लखनऊ में इमरजेंसी लैंडिंग, 300 यात्री थे सवार




लखनऊ, 11 जुलाई (एजेंसियां)। लंदन से दिल्ली जा रही वर्जिन अटलांटिक एयरलाइन की फ्लाइट में ईंधन घट जाने के चलते लखनऊ एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। विमान में 300 यात्री सवार थे। मामला बीते बृहस्पतिवार का है। वर्जिन अटलांटिक एयरलाइन की उड़ान संख्या वीएस 302 सुबह करीब साढ़े दस बजे लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट से रवाना होती है। विमान दस घंटे से अधिक का सफर कर रात में दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचता है। गत दिवस विमान लंदन से तय समय पर रवाना हुआ लेकिन दिल्ली पहुंचने से पहले विमान में ईंधन कम हो गया। ऐसे में पायलट ने तत्काल एयर ट्रैफिक कंट्रोलर एटीसी को सूचना दी और ईंधन की स्थिति स्पष्ट की। इसके बाद विमान की इमरजेंसी लैंडिंग रात एक बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर कराने की अनुमति दी गई। इधर लखनऊ एयरपोर्ट पर विमान की इमरजेंसी लैंडिंग की सूचना पर सुरक्षाबलों और एम्बुलेंस आदि को मुस्तैद कर दिया गया। विमान के पायलट ने सतर्कता दिखाते हुए सावधानी से विमान की लैंडिंग करवाई। विमान के सकुशल लैंड होने पर यात्रियों की जान में जान आई। लखनऊ एयरपोर्ट पर लैंडिंग के बाद विमान को टैक्सीवे पर ले गया गया। विमान में ईंधन भरा गया, जिसके बाद फ्लाइट वापस दिल्ली रवाना हो गई। इस दौरान यात्री विमान में ही बैठे रहे।

**मुंह को आ गई थी यात्रियों की जान**

विमान में सवार यात्रियों को जब दिल्ली की जगह लखनऊ में लैंडिंग की सूचना मिली तो वे घबरा गए। पूछने पर उन्हें बताया गया कि ईंधन कम होने से डायवर्ट किया जा रहा है। इससे यात्री घबरा गए। अहमदाबाद में हुए हादसे के बाद विमान यात्रियों में स्वाभाविक डर पैदा हो गया है लेकिन लखनऊ में लैंडिंग के बाद यात्रियों ने राहत की सांस ली।

## पश्चिमी यूपी के निवासी ने आजमगढ़ को बनाया आशियाना और अंबेडकरनगर में चोरी

आजमगढ़, 11 जुलाई (एजेंसियां)। अंबेडकरनगर पुलिस ने चोरी की वारदात का सनसनी खेज खुलासा किया है। शातिर चोरों ने पुलिस से बचने के लिए ऐसी तरकीब निकाली थी कि पहली नजर में किसी को उन पर कोई शक ही न हो, लेकिन एसपी केशव कुमार के मार्गदर्शन में पुलिस ने चोरों को धर दबोचा। पुलिस ने गैर जनपद के रहने वाले चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है,

जिनके पास से चोरी का मॉल भी बरामद हुआ है। गिरफ्तार चोरों ने वारदात को अंजाम देने के बाद अपना गृह जनपद छोड़कर दूसरे जिले में आशियाना बनाया और तीसरे जिले में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मामला अंबेडकरनगर जिले के अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र से जुड़ा है।

## मथुरा होली गेट अतिक्रमण मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यूपी सरकार से मांगा जवाब



मथुरा, 11 जुलाई (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा के होली गेट पर अतिक्रमण हटाने की याचिका पर सुनवाई करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार को चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता का दावा है कि अतिक्रमण से जाम लगता है और फुटपाथ पर कब्ज़ा है। मामले की अगली सुनवाई 25 अगस्त को होगी। कोर्ट ने पहले मार्च में भी सरकार को जवाब दाखिल करने का समय दिया था, इस पर सरकार ने अतिरिक्त समय की मांग की थी। मथुरा होली गेट के आसपास से अतिक्रमण हटवाने की मांग में दाखिल याचिका पर राज्य सरकार को 4 सप्ताह में जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। यह आदेश जस्टिस अश्वनी कुमार मिश्र और जस्टिस जयंत बनर्जी की खंडपीठ ने मथुरा के समाजसेवी चूना कंकड़ गली निवासी प्रकाश चंद्र अग्रवाल की याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है।

याचिकाकर्ता की तरफ से कोर्ट में कहा गया कि मथुरा होली गेट के आसपास चारों ओर हुए अतिक्रमण के कारण आये दिन जाम लगा रहता है। फुटपाथ पर कब्जा कर लिया गया है और प्रशासन ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है। याचिका में प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग लखनऊ , जिलाधिकारी मथुरा , वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा , महापौर नगर निगम मथुरा वृन्दावन एवं नगर आयुक्त नगर निगम मथुरा वृन्दावन को पक्षकार बनाया गया है। सरकार की तरफ से जारी शासनादेश में स्पष्ट निर्देश है कि अतिक्रमण हटाने के बात पुलिस थाने में दर्ज किया जाएगा। ताकि पुलिस निगरानी करें कि दोबारा अतिक्रमण न होने पाए। इसके लिए पुलिस को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे पहले कोर्ट ने 28 मार्च को 3 सप्ताह में जवाब दाखिल करने का समय दिया था ,सरकार की ओर से फिर जवाब के लिए समय मांगा गया था। अब देखना होगा कि कोर्ट के दूसरे आदेश के बाद सरकार अपना जवाब पेश करती है या फिर नहीं। पूरे मामले की सुनवाई 15 अगस्त को होगी।

## जमीन के नाम पर निवेशकों के 49 हजार करोड़ हड़पने वाला गिरफ्तार

लखनऊ, 11 जुलाई (एजेंसियां)। भूखंड देने का झांसा देकर निवेशकों का करीब 49 हजार करोड़ हड़पने वाली कंपनी पर्ल्स एग्रोटेक कॉरपोरेशन लि। (पीएसीएल) के संचालक गुरनाम सिंह को आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्ल्यू) ने पंजाब के रोपड़ से गिरफ्तार कर लिया। उसने यूपी, असम, पंजाब, राजस्थान, दिल्ली, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, केरल, बिहार में शाखाएं खोली थीं। कारपोरेट कार्यालय दिल्ली में था। उसे वर्ष 2016 में सीबीआई ने गिरफ्तार किया था, जमानत पर छूटने के बाद ईओडब्ल्यू ने दबोचा। डीजी ईओडब्ल्यू नीरा रावत ने बताया कि पीएसीएल ने बिना वैध पंजीकरण के बैंकिग कार्य किया। महोबा, सुल्तानपुर, फर्रुखाबाद, जालौन में शाखाएं खोलकर भूखंड देने के नाम पर लोगों से धनराशि जमा कराई और उसके बॉन्ड जारी कर दिए।

## टारगेट पर अकेली लड़कियां 15 को बेचा



लखनऊ, 11 जुलाई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के लखनऊ में कृष्णानगर पुलिस ने मानव तस्करी के बड़े गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मानव तस्करी से जुड़े दो आरोपियों मध्य प्रदेश के सहडोल निवासी संतोष साहू और राजस्थान के साकेतनगर निवासी मनीष भंडारी को गिरफ्तार किया है। इनका गिरोह पिछले 12 साल से लड़कियों को शादी और अनैतिक कार्यों के लिए बेचने का गोरखधंधा चला रहा था। पुलिस ने इनके कब्जे से दो किशोरियों को बरामद किया है,

जिनमें से एक रायबरेली की रहने वाली है। डीसीपी दक्षिण निपुण अग्रवाल के अनुसार, गिरोह अकेली और भटकी हुई किशोरियों को निशाना बनाता था। ये लोग चारबाग रेलवे स्टेशन और आलमबाग बस स्टेशन जैसे भीड़भाड़ वाले इलाकों में अकेली लड़कियों पर नजर रखते थे। संतोष साहू, जो इस गिरोह का सरगना है, पुलिस की खबर लगते ही वो मोबाइल बदल लेता था। पूछताछ में कबूल किया कि उसने 12 साल में 15 से ज्यादा लड़कियों को बेचा। एक लड़की को शादी या अनैतिक कार्यों के लिए 50 हजार से लेकर 2.75 लाख रुपये तक में बेचा जाता था। मामले का खुलासा तब हुआ, जब कृष्णानगर में रहने वाले एक सीएम सुरक्षा में तैनात निजी सुरक्षा अधिकारी (पीएसओ) की 16 वर्षीय बेटी 28 जून को घर से गायब हो गई। उसने अपने पिता को वॉइस मेसेज भेजा था, जिसमें कहा, पापा, मुझे मत खोजना, मैं भगवान के पास जा रही हूं। किशोरी घर से भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की मूर्ति भी साथ ले गई थी। उसकी गुमशुदगी की शिकायत 30 जून को कृष्णानगर थाने में दर्ज हुई।

## इलाहाबाद हाई कोर्ट की डबल बेंच ने भी खारिज की स्कूल विलय के विरुद्ध जनहित याचिका




लखनऊ, 11 जुलाई (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने बेसिक शिक्षा अधिकारी के तहत आने वाले स्कूलों के विलय को चुनौती देने वाली एक जनहित याचिका को खारिज कर दिया है। न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति श्री प्रकाश सिंह की खंडपीठ ने ज्योति राजपूत की याचिका पर यह फैसला दिया है। याचिका पर राज्य सरकार ने भी आपत्ति जताकर अपना पक्ष रखा। न्यायालय ने कहा कि इस विषय पर सात जुलाई को एकल पीठ ने निर्णय दिया था, जिसमें विलय के उक्त आदेश के विरुद्ध दाखिल याचिकाओं को खारिज कर दिया गया था, वर्तमान जनहित याचिका में एकल पीठ के सात जुलाई के उक्त निर्णय का कोई जिक्र नहीं है

लिहाजा इलाहाबाद हाई कोर्ट रुल्स के प्रावधानों के तहत उक्त जनहित याचिका पर सुनवाई नहीं की जा सकती है। कोर्ट ने प्रदेश के प्राथमिक स्कूलों के विलय के खिलाफ दाखिल जनहित याचिका को शुरुआती सुनवाई के बाद खारिज कर दिया।

इस याचिका का विरोध करते हुए राज्य सरकार की ओर आपत्ति उठाई गई कि मामले में उठाए गए मुद्दे पहले ही सीतापुर के 51 बच्चों की याचिका में एकल पीठ ने निर्णीत कर दिए हैं। ऐसे में समान मुद्दों को लेकर दाखिल यह पीआईएल सुनवाई के योग्य नहीं है। सरकार की आपत्ति पर गौर करने के बाद कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी। स्थानीय अधिवक्ता ज्योति राजपूत की जनहित याचिका में राज्य सरकार के स्कूलों के विलय या दो स्कूलों को जोड़ने के राज्य सरकार के 16 जून के आदेश को चुनौती देकर रद करने का आग्रह किया गया था। याची ने गांवों के दूरदराज इलाकों में रहने वाले गरीबों के बच्चों को स्कूल जाने के लिए परिवहन व्यवस्था करने का आग्रह किया था।

याचिका में आरटीई अधिनियम के तहत राज्य सरकार को बच्चों के परिवहन के दिशानिर्देश तय करने के निर्देश देने का भी आग्रह किया गया था।

याची ने स्कूलों के विलय को गरीब बच्चों के हितों के खिलाफ बताया था। राज्य सरकार के अपर महाधिवक्ता अनुज कुदेसिया ने मुख्य स्थाई अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार सिंह के साथ दलील दी कि इसी सात जुलाई को हाईकोर्ट की एकल पीठ ने स्कूलों के विलय के खिलाफ सीतापुर के 51 बच्चों की दाखिल याचिका समेत एक अन्य याचिका पर विस्तृत फैसला देकर खारिज कर दिया है।

ऐसे में समान मामले में यह जनहित याचिका सुनवाई के लायक नहीं है। कोर्ट ने सरकार की ओर से उठाई गई शुरुआती आपत्ति के मद्देनजर जनहित याचिका खारिज कर दी।

## काशी में गुरु पूर्णिमा पर टूटी मजहब की दीवार
### मुस्लिम महिलाओं ने उतारी बालक देवाचार्य की आरती



वाराणसी, 11 जुलाई (एजेंसियां)। काशी में गुरु पूर्णिमा पर अद्भुत दृश्य दिखा। यहां मुस्लिम समुदाय के लोगों ने गुरु के प्रति सम्मान दिखाया। उन्होंने जाति और धर्म की सीमाओं को तोड़ दिया। मुस्लिम महिलाओं ने पतालपुरी मठ के जगद्गुरु बालक देवाचार्य महाराज की आरती की। मुस्लिम पुरुषों ने उन्हें रामनामी अंगवस्त्र भेंट किया। इस अवसर पर, सैकड़ों मुस्लिम अनुयायियों ने आध्यात्मिक दीक्षा ली और देश की सेवा करने का संकल्प लिया। पतालपुरी मठ में गुरु पूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शाहबुद्दीन, मुजम्मिल, फिरोज, अफरोज, सुल्तान, नगीना और शमसुन्निसा ने दीक्षा लेने के बाद खुशी जताई। शाहबुद्दीन ने कहा कि हमारे पूर्वज रामपंथ के अनुयायी थे और इस मठ को मानते थे।

भले ही हमारी पूजा करने का तरीका बदल गया है, लेकिन हमारे पूर्वज, परंपरा, खून और संस्कृति नहीं बदल सकते। नौशाद अहमद ने कहा कि गुरु का सम्मान करना भारतीय संस्कृति का हिस्सा है। उनके अनुसार, सच्चा ज्ञान गुरु से ही मिलता है। जहां ज्ञान होता है, वहां भेदभाव नहीं होता। मुस्लिम महिला फाउंडेशन की नाजनीन अंसारी ने कहा कि राम के सिद्धांतों का पालन करके ही दुनिया में शांति लाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि राम तक पहुंचने के लिए गुरु का मार्गदर्शन जरूरी है। गुरु ही अज्ञान से ज्ञान की ओर ले जा सकते हैं। नाजनीन अंसारी के अनुसार, आज समाज को ऐसे गुरु की जरूरत है जो नफरत, हिंसा, दुश्मनी, भेदभाव और अहंकार को खत्म कर सके। ऐसा गुरु देश को बचाने के लिए जरूरी है।

## बिहार पुलिस को भारत रत्न से सम्मानित करें
### पप्पू यादव की पीएम मोदी से सिफारिश, क्या है पूरा मामला?



खगड़िया, 11 जुलाई (एजेंसियां)। बिहार के खगड़िया से सांसद राजेश वर्मा के गायब कुत्ते को स्थानीय पुलिस ने दो दिनों में खोज निकाला। पुलिस के जरिए कुत्ते को ढूंढ निकालने की चर्चा मीडिया में तेजी से चल रही है। अब पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने भी इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने पुलिस पर तंज कसते हुए पीएम मोदी से आग्रह की है कि बिहार पुलिस को भारतरत्न से सम्मानित करें।

**सांसद पप्पू यादव ने क्या कहा?**

सांसद पप्पू यादव ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट कर लिखा कि एनडीए के खगड़िया सांसद के कुत्ता को खोज निकालने के लिए बिहार पुलिस का पूरा देश सलाम करता है। मैं पूरी जिम्मेदारी से प्रधानमंत्री से आग्रह करता हूं कि वह बिहार पुलिस को भारतरत्न से सम्मानित करें! बिहार में गुंडा राज कायम रखने के लिए भी बिहार पुलिस को सर्वोच्च सम्मान दिया जाना चाहिए। दरअसल खगड़िया के लोजपाआर सांसद राजेश वर्मा का कुत्ता दो दिन पहले उनके खरमनचक स्थित आवास से किसी तरह भाग गया। काफी खोजबीन के बाद भी कुत्ते का कोई सुराग नहीं मिला, तब सांसद ने इस मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। उसके बाद पुलिस एमपी के कुत्ते की तलाश में जुट गई और कुत्ते को खोज निकाला।

**कैसे मिला सांसद का कुत्ता?**

पुलिस जब कुत्ते की तलाश कर ही रही थी कि इसी बीच उन्हें इशाकचक मोहल्ले में एक अनजान कुत्ते को लेकर दो पक्षों में विवाद की सूचना मिली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि एक विदेशी कुत्ता पालने को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हुआ था। पुलिस ने जब दोनों पक्षों से कुत्ते के बारे में पूछताछ की, तो पता चला कि वह कुत्ता मोहल्ले में आवारा घूमता हुआ पाया गया था। दोनों पक्ष इस कुत्ते को पालने के लिए आपस में झगड़ रहे थे।

दोनों पक्षों में से किसी को भी कुत्ते का असली मालिक का पता नहीं था। पुलिसकर्मियों को पूरा मामला समझ में आ गया और उन्होंने उस कुत्ते की तस्वीर सांसद राजेश वर्मा को भेजी। सांसद ने कुत्ते की पुष्टि की और बताया कि वह उनका ही है। इसके बाद विवाद में शामिल दोनों पक्ष शांत हुए और अपने-अपने घर चले गए। उसके बाद पुलिस मोहल्ले से कुत्ते को थाने लाई और सांसद के परिजनों को बुलाकर कुत्ता उन्हें सौंप दिया।

### राज ठाकरे को बृजभूषण शरण सिंह की सीधी चुनौती
## इतिहास समझाया, पढ़ने-लिखने की भी दी सलाह



गोंडा, 11 जुलाई (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में इस समय मराठी और हिंदी भाषा को लेकर विवाद चल रहा है। यह विवाद बढ़ता ही जा रहा है। इस बीच अब बीजेपी के नेता बृजभूषण शरण सिंह ने भाषा विवाद को लेकर राज ठाकरे को सीधी चुनौती दी है। बीजेपी नेता ने कहा,भाषा जोड़ने का काम करती है, तोड़ने का काम नहीं करती है। बीजेपी नेता ने भाषा विवाद को लेकर छिड़ी बहस के बीच राज ठाकरे को सीधी चुनौती देते हुए कहा, राज ठाकरे को बताना चाहता हूं कि महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश का या उत्तर भारतीयों का जो संबंध है, वो आपकी इस हरकत से टूटने वाला नहीं है। आपको पढ़ना चाहिए , आप शायद पढ़ते-लिखते नहीं है। छत्रपति शिवाजी महाराज को जब औरंगजेब ने बंदी बनाया था। हमारे आगरा के व्यापारियों ने उन्हें कैद से मुक्त कराने का काम किया था। बृजभूषण शरण सिंह ने कहा, मैं राज ठाकरे से यह ही कहना चाहता हूं कि थोड़ा पढ़ा करो।

आज जिस बात को तुम गर्व करते हो, उस गर्व के इतिहास में उत्तर भारतीयों का पसीना लगा है। आज आप बहुत हल्की राजनीति कर रहे हो। बीजेपी नेता ने राज ठाकरे पर निशाना साधते हुए कहा, जब इनका अयोध्या आने का प्रोग्राम बना था, तो मैंने कहा था कि मैं नहीं घुसने दूंगा , लेकिन आप नहीं आए, लेकिन फिर इन्होंने अपना रंग दिखाया। मैं इनको कहता हूं कि इनको सद्बुद्धि आ जाए, उत्तर भारतीयों में बड़ा रोष है। उन्होंने आगे कहा, अगर कोई बड़ा आदमी आह्वान कर दे तो राज ठाकरे साहब आप झेल नहीं पाओगे।


### सावन के पहले दिन सीएम योगी ने किया रुद्राभिषेक
## प्रदेश वासियों के कल्याण की कामना की



गोरखपुर, 11 जुलाई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सावन मास के पहले दिन गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में विधि-विधान के साथ रुद्राभिषेक किया। इस दौरान उन्होंने जल, दूध और ऋतुफल के रस से भगवान शिव का अभिषेक किया। सीएम योगी ने देवाधिदेव महादेव से प्रदेश वासियों के सुख, समृद्धि और कल्याण की प्रार्थना की। सीएम योगी के द्वारा रुद्राभिषेक का यह अनुष्ठान हवन के साथ संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर सीएम योगी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से एक श्लोक के साथ तस्वीरें और वीडियो पोस्ट किया। सीएम योगी ने एक्स पर लिखा, 'शान्ताकारं शिखरिशयनं नीलकण्ठं सुरेशं, विश्वाधारं स्फटिकसदृशं शुभ्रवर्णं शुभाङ्गम। गौरीकान्तं त्रितयनयनं योगिभिर्ध्यानगम्यं, वन्दे शम्भुं भवभयहरं सर्वलोकैकनाथम।' देवाधिदेव महादेव के प्रिय श्रावण मास के प्रथम दिवस के पावन अवसर पर आज गोरखनाथ मंदिर में विधि-विधान से रुद्राभिषेक कर समस्त प्रदेश वासियों के सुख, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। हर हर महादेव!' बता दें कि सावन मास को भगवान शिव का प्रिय महीना माना जाता है। इस दौरान गोरखनाथ मंदिर में भी श्रद्धालु दर्शन-पूजन करते हैं। बता दें कि सावन के महीने की शुरुआत के साथ ही देश भर के शिव मंदिरों में विशेष पूजा पाठ किया जा रहा है। आज से ही कांवड़ यात्रा की शुरुआत भी हो गई है। हिंदू मान्यताओं के मुताबिक इस पवित्र महीने में भगवान भोलेनाथ की आराधना करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

यही वजह है कि आज सुबह से ही शिव मंदिरों में भक्तों का तांता लगा हुआ है। काशी विश्वनाथ, बाबा वैद्यनाथ से लेकर उज्जैन महाकाल मंदिर तक आज सुबह से श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। इस बार सावन में चार सोमवार पड़ रहे हैं। इस सावन का पहला सोमवार 14 जुलाई को जबकि आखिरी सोमवार 4 अगस्त को पड़ेगा।

# शिवलिंग पर पैकेट वाला दूध चढ़ाएं या नहीं?



सावन के पवित्र महीने की शुरुआत हो चुकी है और पहले ही दिन शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। सावन का महीना भगवान शिव की आराधना के लिए सबसे अच्छा माना जाता है। सावन में शिवलिंग पर जल, दूध, बेलपत्र, धतूरा अर्पित कर भोलेनाथ को प्रसन्न कर सकते हैं। शास्त्रों में स्पष्ट रूप से बताया गया है कि शिवलिंग पर अर्पण किए जाने वाले सभी पदार्थ शुद्ध और सात्विक होने चाहिए। कई लोग बाजारों में रहते हैं और उनके पास सिर्फ पैकेट वाला दूध होता है। ऐसे में वे शिवलिंग पर पैकेट वाला दूध ही अर्पित कर देते हैं।

**क्या शिवलिंग पर पैकेज्ड दूध चढ़ाना चाहिए?**

शास्त्रों के अनुसार पूजा-पाठ में इस्तेमाल होने वाली हर वस्तु की शुद्धता अत्यंत आवश्यक है। यह शुद्धता केवल भौतिक ही नहीं, बल्कि सात्विक गुणों से भी जुड़ी होती है। पैकेट वाला दूध कई बार केमिकल प्रोसेस, स्टोरेज और प्रिजर्वेटिव्स से होकर गुजरता है। ऐसे में वह पूरी तरह सात्विक और प्राकृतिक नहीं माना जा सकता है। इससे पूजा में उस दूध की उपयुक्तता पर सवाल उठते हैं। सावन में शिवलिंग पर गाय का ताजा, कच्चा और शुद्ध दूध ही चढ़ाना सबसे उत्तम माना गया है। पैकेट वाला दूध शिवलिंग पर अर्पण करना सही नहीं माना गया है। अगर आपके घर में गाय का दूध उपलब्ध है, तो उसी दूध से शिवलिंग का अभिषेक करें।

अगर किसी कारणवश शुद्ध देसी गाय का दूध उपलब्ध नहीं हो पा रहा है और केवल पैकेट वाला दूध ही विकल्प है, तो उसमें भी सावधानी बरतनी चाहिए। सबसे पहले दूध को उबाल लें और ठंडा होने पर उसे भगवान शिव को अर्पित करें। कोशिश करें कि वह दूध किसी तरह से बासी, खट्टा या मिलावटी न हो। धार्मिक क्रियाओं में भावनाएं तो महत्त्वपूर्ण होती ही हैं, लेकिन विवेक और शास्त्र सम्मत आचरण भी आवश्यक है। शिवलिंग पर अर्पण किए जाने वाले पदार्थों की शुद्धता ही पूजा की फलदायकता का आधार होती है। सावधानी बरतने से पूजा भी फलदायी होगी और धार्मिक परंपराओं का सम्मान भी बना रहेगा।

# केसरी माता मंदिर में प्रसाद की जगह मिलती है हथौड़े की मार, ठीक हो जाती है बीमारी!



गाजियाबाद के पटेल नगर में एक ऐसा मंदिर है, जो इन दिनों चर्चा में है। वजह यहां होने वाला अनोखा इलाज है। यहां जो लोग आते हैं, उन्हें मिठाई या फल प्रसाद में नहीं मिलता। यहां प्रसाद की जगह हथौड़े की हल्की सी मार दी जाती है। सुनने में भले अजीब लगे, लेकिन यही परंपरा इस मंदिर की सबसे खास बात है। करीब 70 साल पुराने केसरी माता मंदिर में हर हफ्ते सैकड़ों लोग अपनी बीमारी का इलाज कराने आते हैं। खासतौर पर जिन लोगों को पेट में गैस या दर्द की परेशानी होती है, वो यहां पहुंचते हैं। मंदिर में मरीजों को तख्त पर लिटाया जाता है और पैर पर हल्के से एक खास हथौड़े से वार किया जाता है। बताया जाता है कि इससे पेट की दिक्कत अपने आप ठीक हो जाती है। इस इलाज में जो हथौड़ा इस्तेमाल होता है, वो भी कम खास नहीं। वह करीब 50 साल पुराना है और पिछले पांच दशकों से लगातार लोगों के इलाज में काम आ रहा है। मंदिर के महंत अंकित गिरी बताते हैं कि यहां आने वाले हर जाति-धर्म के लोग होते हैं। सिर्फ गाजियाबाद ही नहीं, दिल्ली, मेरठ, नोएडा, बुलंदशहर और आसपास के जिलों से भी लोग यहां पहुंचते हैं।

मंदिर में मंगलवार और शनिवार को भीड़ कुछ ज्यादा होती है। इन दो दिनों में झाड़ा लगाने की प्रक्रिया भी होती है, जिसमें मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान लोग इलाज करवाते हैं।

महंत अंकित गिरी कहते हैं कि यह कोई चमत्कार नहीं बल्कि माता का आशीर्वाद और लोगों की आस्था है, जिससे लोग ठीक होकर जाते हैं। वे ये भी बताते हैं कि इलाज के बदले कोई शुल्क नहीं लिया जाता। जो भी आता है, उसकी सेवा निःस्वार्थ भाव से की जाती है। इस मंदिर की एक और खास बात यह है कि यहां धर्म या जाति का कोई भेद नहीं है। हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी यहां आते हैं और सबका एक जैसा इलाज किया जाता है।

# बेहद चमत्कारी है कन्नौज का फूलमती माता मंदिर



उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले में स्थित माता फूलमती देवी का मंदिर आस्था, श्रद्धा और चमत्कारों का एक अद्भुत केंद्र है। कन्नौज के मकरंद नगर क्षेत्र में स्थित यह मंदिर न सिर्फ जिले के लोगों के लिए पूजनीय है, बल्कि दूर-दूर से श्रद्धालु यहां अपनी मन्नतें लेकर आते हैं। इस मंदिर की एक विशेष परंपरा है, जो इसे अन्य मंदिरों से अलग बनाती है। यहां चांदी की आंखें दान करने की मान्यता है। मान्यता है कि जो भी श्रद्धालु यहां सच्चे मन से मां से आंखों से जुड़ी किसी बीमारी या समस्या से मुक्ति की प्रार्थना करता है, उसे राहत मिलती है और फिर श्रद्धालु मन्नत पूरी होने पर चांदी की आंखें माता को अर्पित करता है।

**मंदिर का इतिहास और मान्यता**

माता फूलमती देवी का यह मंदिर सैकड़ों वर्षों पुराना है। लोककथाओं के अनुसार, यह मंदिर उस स्थान पर बना है जहां माता ने एक भक्त को दर्शन देकर उसकी नेत्र संबंधी पीड़ा को दूर किया था। तभी से यहां आंखों की रोशनी से जुड़ी विशेष श्रद्धा जुड़ गई। कई श्रद्धालु बताते हैं कि माता के दर्शन मात्र से उन्हें आंखों की बीमारियों में चमत्कारी लाभ मिला है। यही कारण है कि यहां हर वर्ष बड़ी संख्या में लोग मन्नतें मांगने और चांदी की आंखें चढ़ाने पहुंचते हैं।

**कैसे पहुंचे मंदिर**

मंदिर कन्नौज जिले के मकरंद नगर क्षेत्र में स्थित है। यहां तक पहुंचने के लिए निजी वाहन या स्थानीय परिवहन के माध्यम से आसानी से पहुंचा जा सकता है। यह मंदिर कन्नौज स्टेशन से करीब 3 किलोमीटर की दूरी पर बना हुआ है।

**क्या बोले पुजारी**

मंदिर के महंत शिखर मिश्रा बताते हैं कि कन्नौज में यह मंदिर काफी पुराना है और यहां पर विद्यमान जो माता फूलमती की प्रतिमा है वह हजारों साल पुरानी है। कन्नौज के राजा वेणु चक्र की सात पुत्रियों में से एक यह पुत्री थी। मंदिर में ऐसी मान्यता है कि माता के स्नान किए हुए नीर को सच्चे मन से अगर श्रद्धालु प्रसाद के रूप में लेता है, तो आंखों से जुड़ी समस्या और शरीर में सफेद दाग से जुड़ी समस्या में बहुत लाभ मिलता है। वही यहां पर श्रद्धालु लाभ पाने पर माता के चरणों में चांदी की आंख भेंट स्वरूप अर्पण करते हैं। यहां पर श्रद्धालु देश के कोने-कोने से आते हैं तो वहीं अब तो विदेशों से भी श्रद्धालु यहां पर दर्शन करने को आते हैं।

# कांवड़ यात्रा में इन 7 दिनों में लगने वाला है भयानक जाम, लगेंगे भोले के जयकारे



सावन के महीने में कांवड़ यात्रा का विशेष महत्व है। इस साल यह यात्रा 11 जुलाई से शुरू होगी। शिव भक्त इस दौरान गंगाजल लेकर मीलों दूर पैदल चलते हैं। शिवरात्रि के नजदीक सड़कों पर भारी जाम लगने की संभावना रहती है, क्योंकि इस दौरान भक्तों में अलग उत्साह देखने को मिलता है।

सावन के माह से शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा का हिंदू धर्म में बहुत खास महत्व होता है। शिव भक्त इन दिनों का बहुत बेसब्री से इंतजार करते हैं, जो इस साल जुलाई से शुरू होने वाली है। बता दें कि इस बार सावन 11 जुलाई, शुक्रवार के दिन से सावन की शुरुआत हो रही है और इसी के साथ कांवड़ यात्रा भी शुरू हो जाएगी। ऐसे में सभी भक्त कांवड़ यात्रा की तैयारी में लग चुके होंगे। वहीं, कांवड़ यात्रा में कुछ दिनों तक भयानक जाम भी लगने वाला है, जिसकी वजह आज हम आपको इस लेख में बताएंगे।

**कांवड़ यात्रा का महत्व**

इस दौरान शिव भक्त नारंगी रंग के वस्त्र में बांस की लकड़ी पर दोनों तरफ टोकनियों में गंगाजल भरकर मीलों दूर तक का पैदल सफर तय करते हैं। साथ ही, बम बम भोले का जयकारा भी लगाते हैं। हाथ-पैर में छाले हों या कोई चोट शिव भक्तों की भक्ति पर किसी भी चीज का असर नहीं पड़ता है। वे पूरी श्रद्धा से भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए कांवड़ यात्रा में शामिल होते हैं। पुराणों और शास्त्रों के अनुसार, कांवड़ यात्रा को पूरा करने से भगवान शिव जल्दी प्रसन्न होते हैं और भक्तों की मनोकामनाओं को पूर्ण कर देते हैं। माना जाता है कि इस यात्रा को करने से व्यक्ति के जीवन की कठिनाइयां कम होती हैं और जन्म मरण के बंधन से भी मुक्ति मिल सकती है। कहा जाता है कि कांवड़ यात्रा करने से अश्वमेध यज्ञ के समान फल की प्राप्ति होती है और जीवन में सुख-समृद्धि आती है।

आज 11 जुलाई, शुक्रवार से कांवड़ यात्रा की शुरुआत हो गई है, जिसमें भारी संख्या में शिव भक्त शामिल होते हैं और मीलों दूर चलकर गंगा नदी से जल लेकर आते हैं। इसके बाद, सावन शिवरात्रि के दिन वापस लौटने पर भक्त भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं, जिसे बहुत फलदायी माना जाता है।

मान्यता है कि ऐसा करने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं और उनकी विशेष कृपा भक्तों पर बनी रहती है। इस यात्रा में श्रद्धालु बांस से बनी कांवड़ में गंगाजल भरकर उसे अपने कंधों पर टांगकर वापस लौटते हैं। इस यात्रा को पूरा करना बेहद फलदायी माना गया है।

**इन 7 दिनों में लगेगा भंयकर जाम**

इस बार पंचक 17 जुलाई, गुरुवार को समाप्त हो रहा है और इस दिन से शिवरात्रि में एक सप्ताह का दूरी रह जाएगी, क्योंकि 23 जुलाई, बुधवार के दिन शिवरात्रि पड़ रही है। ऐसे में इन 7 दिनों के दौरान शिव भक्तों के अंदर एक अलग जोश और उत्साह देखने को मिलता है। सभी मंदिरों में भक्तों की संख्या बढ़ने लगती है, जिससे जगह-जगह पर सड़कों पर भारी जाम भी देखने को मिलता है। साथ ही, इन 7 दिनों के दौरान कांवड़ यात्रा भी समाप्त होने का समय नजदीक आ रहा होता है, जिसके चलते सभी कावड़ियां वापस अपने शहर की ओर बढ़ रहे होते हैं। ऐसे में भक्तों की सुविधा के लिए कई रास्तों को बंद भी किया जाने लगता है। यही कारण है कि आपको सावन शिवरात्रि के नजदीक आते-आते यानी कांवड़ यात्रा के आखिरी के सप्ताह में सड़कों पर भंयकर जाम का सामना करना पड़ सकता है।

# नॉर्थ-ईस्ट टॉयलेट से हो रही परेशानी? अपनाएं ये आसान उपाय



नॉर्थ-ईस्ट को घर की सबसे पवित्र दिशा माना गया है। यहां टॉयलेट बना दी जाए तो ये वास्तु के मुताबिक सही नहीं माना जाता। सबसे संवेदनशील दिशा है नॉर्थ-ईस्ट यानी ईशान कोण। यहां का संबंध मानसिक शांति, ज्ञान, आध्यात्म और सकारात्मक ऊर्जा से होता है। अगर इस दिशा में टॉयलेट बन जाए, तो माना जाता है कि घर में नेगेटिविटी बढ़ सकती है। इससे घर के लोगों के मन में बेचैनी, तनाव और फैसलों में उलझन जैसे हालात पैदा हो सकते हैं।

**क्यों होता है नॉर्थ-ईस्ट टॉयलेट नुकसानदायक**

नॉर्थ-ईस्ट दिशा वह जगह होती है जहां सूरज की पहली किरणें पड़ती हैं। यहां रोशनी और ऊर्जा का प्रवाह सबसे साफ और तेज़ होता है। जब इस दिशा में टॉयलेट बन जाता है, तो वहां की पवित्र ऊर्जा दूषित होने लगती है। इससे परिवार के लोगों की सोच पर असर पड़ सकता है। बच्चों की पढ़ाई में रुकावट, नौकरी में अनिश्चितता और घर के मुखिया की सोच में भ्रम जैसे नतीजे देखने को मिल सकते हैं।

**क्या हो सकता है समाधान?**

अगर आपके घर में नॉर्थ-ईस्ट दिशा में पहले से टॉयलेट बना हुआ है, तो चिंता की बात नहीं है। नीचे दिया गया उपाय बेहद आसान और सटीक है, जिससे 95% तक इस दोष को कम किया जा सकता है।

**सिर्फ ग्रीन टेप का कमाल**

आपको बस इतना करना है कि जिस टॉयलेट की दिशा नॉर्थ-ईस्ट में है, वहां *हरे रंग की टेप-(ग्रीन टेप) लगानी है। ये टेप आपको किसी भी स्टेशनरी या ऑनलाइन शॉप से आसानी से मिल जाएगी।

-अगर टॉयलेट में वेस्टर्न सीट है, तो तीन दीवारों पर हरी टेप लगाएं।

-अगर इंडियन सीट है, तो चारों तरफ की दीवारों पर टेप लगाएं। ध्यान रखें कि टेप को एक साथ और साफ तरीके से लगाना है। इस उपाय के बाद सिर्फ 72 घंटे के भीतर आपको असर दिखने लगेगा। घर में हल्कापन महसूस होगा, मूड बेहतर रहेगा और नकारात्मक विचार धीरे-धीरे कम होने लगेंगे।

**सावधानी रखें**

**-टेप हरे रंग की ही हो, कोई और रंग इस्तेमाल न करें।**

**-यह उपाय टॉयलेट के बाहर से भी किया जा सकता है।**

**-एक बार लगने के बाद टेप को बार-बार न हटाएं।**

**ध्यान रखें**

वास्तु का मकसद डर फैलाना नहीं, बल्कि घर के वातावरण को बेहतर बनाना है। अगर घर में कुछ चीजें वास्तु के हिसाब से न हों, तो सही जानकारी और उपायों से उसका हल जरूर निकाला जा सकता है। नॉर्थ-ईस्ट दिशा में टॉयलेट हो तो निराश होने की ज़रूरत नहीं है, बस ऊपर बताए गए छोटे से उपाय को अपनाइए और घर में फिर से सकारात्मकता लाइए।

**हम आलस और नकारात्मक विचारों के कारण करीबी लोगों के बीच अपनी विश्वसनीयता खो देते हैं**

कई बार हम आलस और नकारात्मक विचारों के कारण करीबी लोगों के बीच अपनी विश्वसनीयता खो देते हैं। हमें अपने हर एक काम को भगवान की उपासना मानते हुए करना चाहिए। जो भी कार्य मिला है, उसे महान समझें। कोई भी काम छोटा नहीं होता है। **- स्वामी अवधेशानंद जी गिरि**

# 13 वर्षों का लंबा संघर्ष, 'क्रिमिनल जस्टिस 4' में पंकज त्रिपाठी की पत्नी बन छाईं खुशबू



'क्रिमिनल जस्टिस' ओटीटी प्लेटफॉर्म पर सबसे चर्चित वेब सीरीज है। इस सारीज का चौथा सीजन भी रिलीज हो चुका है, जिसे दर्शकों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है। इस सीजन में अभिनेता पंकज त्रिपाठी ने मुख्य भूमिका निभाई है, जो माधव मिश्रा के किरदार में नजर आए हैं। इसके अलावा सीरीज में उनकी पत्नी की भूमिका खुशबू अत्रे ने निभाई है, जो रत्ना मिश्रा के रूप में नजर आई हैं। अपनी शानदार एक्टिंग से एक्ट्रेस ने सबके दिलों में एक खास जगह बनाई है और अब हर कोई उन्हें करीब से जानना चाह रहा है। चलिए जानते हैं कि कौन हैं खुशबू अत्रे।

**कौन हैं खुशबू अत्रे?**

'क्रिमिनल जस्टिस 4' सीरीज में खुशबू अत्रे एडवोकेट माधव मिश्रा (पंकज त्रिपाठी) की पत्नी रत्ना मिश्रा का किरदार निभा रही हैं। अभिनेत्री मध्यप्रदेश के भरवाहा की रहने वाली हैं। शुरुआत में खुशबू अत्रे ने कई नाटक किए, जहां उनके अभिनय को धार मिली। इसके बाद उन्होंने अपने करियर की आधिकारिक शुरुआत छोटे पर्दे से की थी। साल 2012 में अभिनेत्री ने टीवी के पॉपुलर शो 'पवित्र रिश्ता' से अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। इसके बाद उन्होंने कई टीवी सीरीयल्स में काम किए, जैसे- 'उड़ान', 'साथ निभाना साथिया' आदि।

**14 साल बड़े पंकज त्रिपाठी से साथ काम करके छाई खुशबू अत्रे**

टीवी और शोज के दुनिया में लगभग 13 साल काम करने के बाद खुशबू अत्रे को 'क्रिमिनल जस्टिस 4' में अभिनय का मौका मिला। उन्होंने सीरीज में मुख्य भूमिका निभाने वाले पंकज त्रिपाठी की पत्नी रत्ना मिश्रा का किरदार निभाया। इस किरदार को अभिनेत्री ने परदे पर शानदार तरीके से पेश किया और हर कोई उनकी दीवाना हो गया। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और उनके इंस्टाग्राम पर 101K फॉलोअर्स हैं।

**क्रिमिनल जस्टिस 4 शो के बारे में**

'क्रिमिनल जस्टिस सीजन 4' का निर्देशन रोहन सिप्पी ने किया है। वहीं इस सीरीज का निर्माण अप्लॉज एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया गया है। इसमें पंकज त्रिपाठी, सुरवीन चावला, मोहम्मद जीशान अयूब, श्वेता बसु प्रसाद, आशा नेगी, खुशबू अत्रे, आत्मप्रकाश मिश्र, बरखा सिंह और खुशी भारद्वाज आदि कलाकार शामिल हैं।

# हमारे सारे 'सपने' पूरे नहीं होते : तमन्ना भाटिया



तमन्ना भाटिया ने भारतीय फिल्म उद्योग में एक लंबा सफर तय किया है। 'बाहुबली' जैसी पैन- इंडियन फिल्मों में अभिनय करने से लेकर 'लस्ट स्टोरीज 2' के साथ ओ.टी. टी. पर डेब्यू करने तक 'ऑन और ऑफ स्क्रीन' दोनों जगह, वह अपने करिश्मे और आकर्षण के कारण दर्शकों के दिलों में बसी हैं।

पिछली बार फिल्म 'सिकंदर का मुकद्दर' में कामिनी सिंह का एक्शन पैक्ड थ्रिलर किरदार निभाने और 'ओडेला 2' जैसी हॉरर फिल्म करने वाली तमन्ना भाटिया हिंदी के साथ ही साऊथ की फिल्मों में विजी हैं। उनकी अगली फिल्मों में ' रेंजर', 'फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' और रोहित शेट्टी की एक फिल्म शामिल है।

तमन्ना का कहना है कि आम इंसान हो या फिर कोई सैलिब्रिटी, इंसान के सारे सपने पूरे नहीं होते। मैंने क्या हासिल किया और क्या नहीं, इसे सोचे बिना आत्मपरीक्षण करना बेहतर है कि हमने अब तक क्या और कितना काम किया। बहरहाल, मेरे लिए अब तक का करियर काफी अच्छा रहा। मैं फिल्मों के अलावा अब ओ.टी. टी. पर भी सक्रिय हूं।

फिल्म हो या कोई वैब शो इसे सिर्फ एक व्यक्ति नहीं बना सकता। अगर कोई स्टार इस भ्रम में है कि वह फिल्म को हिट करा सकता है तो वह गलत है । एक प्रोजेक्ट को बनाने के लिए कई लोगों का योगदान होता है। मेरे लिए स्क्रिप्ट जरूरी तो है, लेकिन सिर्फ अच्छी स्क्रिप्ट का होना, किसी काम का नहीं। अच्छी स्क्रिप्ट तभी कामयाब हो सकती है जब निर्देशक उस फिल्म को बेहद अच्छा ट्रीटमैंट दे सके। मैं जब भी कोई नई फिल्म साइन करती हूं, मेरे दिमाग में उस फिल्म को देखने वाले दर्शक होते हैं। मुझे फिल्म की वह कहानी आकर्षित करती है, जो दर्शक को दूसरी दुनिया में ले जाए। अपने तनाव, चिंता, दुख और दर्द को भुलाने पर मजबूर करे। अच्छी कहानी और अच्छे किरदार की मुझे तलाश होती है।


व्यक्तिगत तौर पर मुझे रोना-धोना, इमोशनल होना अच्छा नहीं लगता । भावुक होना अच्छी बात है, लेकिन भावुक होना ईसान को कमजोर बना देता है। मैं जीवन हो या करियर भावनाओं के बहाव में नहीं बहना चाहती। मैं दिल से सशक्त हूं, कमजोर नहीं । मैं कमजोर नहीं पड़ना चाहती। अगर मेरी आंखें नम भी हुईं तो मैं उन्हें दिखाने से बचना चाहूंगी।

जब भी हम कोई फिल्म देखते हैं जरूरी नहीं कि उस फिल्म के सभी गीत आपको पसंद आएं। वैसे ही ओ.टी. टी. का मामला है । इस प्लेटफॉर्म पर मनोरंजन के कई रूप हैं। सस्पैंस, थ्रिलर, लव स्टोरी, कॉमेडी का तड़का बहुत कुछ है। हर दर्शक अपनी पसंद के अनुसार चुनाव कर सकता है, लेकिन पूरे ओ.टी.टी. माध्यम को मैं गलत करार देना उचित न हीं मानती । मेरा मानना है कि जीवन जीने का सबसे टिकाऊ तरीका सहज होना है - चाहे वह फिटनेस, भोजन, काम या निजी जीवन हो । हर दिन अलग होता है, और सबसे महत्वपूर्ण बात है खुद को लेकर एक मजबूत जागरूकता विकसित करना । नियमित रूप से खुद से सवाल करना जरूरी है। मैं किसी सख्त नियमों का पालन नहीं करती क्योंकि मेरी जरूरतें रोज बदलती रहती हैं। मुझे व्यवस्थित दिनचर्या पसंद है और हर दिन एक ही जैसे काम करने में मुझे आराम मिलता है, लेकिन मैं अपने शरीर की भी सुनती हूं। मैं खुद से पूछती हूं : क्या मुझे आज इसकी जरूरत है ? क्या मैं इसके बिना रह सकती हूं? अगर मैं इसे छोड़ दूं तो क्या मेरा दिन बेहतर होगा ? उदाहरण के लिए, अगर मेरा शैड्यूल थका देने वाला है और मैं ठीक से सो नहीं पाई हूं, तो मैं कसरत करने से ज्यादा आराम को प्राथमिकता देती हूं क्योंकि मेरी सेहत पहले आती है। यह दृष्टिकोण मेरे आहार, कसरत और समग्र जीवनशैली को प्रभावित करता है, जिससे मैं अपनी प्राथमिकताओं के साथ तालमेल बनाए रखते हुए संतुलन बना पाती हूं।

'सिकंदर का मुकद्दर' में मेरे अलावा अविनाश तिवारी, राजीव मेहता और जिमी शेरगिल थे। हम सभी ने इस फिल्म में काम करते हुए काफी एन्जॉय किया । थ्रिलर के साथ ही फिल्म में मनोरंजन भी था। मैं अगर अपनी बात करूं तो मैं मुंबई से हूं और मैंने काफी वक्त मुंबई में बिताया है। यहां के आम जीवन को मैं भली-भांति जानती हूं। 'देसी' किरदार निभाना कोई बड़ी बात नहीं है। मैंने साऊथ में भी कई मुश्किल किरदार निभाएं हैं। कई लोग सोचते हैं कि मुझे हिंदी का ज्ञान नहीं है, जबकि ऐसा नहीं है । मैं बहुत अच्छी हिंदी बोलने के साथ ही संवादों को याद कर लेती हूं। अपनी डबिंग खुद करती हूं। मेरे लिए, किरदार चुनौती भरे हो सकते हैं, लेकिन मुश्किल नहीं। हां, नामुमकिन तो बिलकुल नहीं।

मैंने हर तरह के किरदार वाली फिल्में की हैं। फिल्म 'बबली बाऊंसर' में भी मेरा रोल ग्लैमर विहीन था । उसकी कहानी अलग थी, मेकिंग अलग थी। दुर्भाग्य से 'बबली बाऊंसर' नहीं चली, लेकिन 'सिकंदर का मुकद्दर' का ट्रीटमैंट काफी अलग था। निर्देशक नीरज पांडेय फिल्म मेकिंग के दौरान रियलिस्टिक अप्रोच रखते हैं। मुझे उनका स्टाइल बहुत पसंद है।

# यूलिया वंतूर का 'इंटरनैशनल डेब्यू'



यूलिया वंतूर जल्द ही एक इंटरनैशनल फिल्म 'इकोज ऑफ अज' के साथ अभिनय जगत में अपनी शुरुआत करने जा रही है। फिल्म को लेकर उत्साहित यूलिया ने बताया, मैं खुश हूं कि 'इकोज ऑफ अज' के द्वारा मैं एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने जा रही हूं। इस फिल्म में मेरा किरदार मेरे दिल के बेहद करीब है और मुझे इससे एक खास जुड़ाव भी महसूस होता है ।

दीपक तिजोरी जैसे एक बहुत नेक और अच्छे इंसान के साथ अभिनय करना और जो राजन के निर्देशन में यह अनुभव बहुत ही खास होने वाला है । दरअसल, मुझे थोड़ी घबराहट भी है और फैंस की प्रतिक्रिया को लेकर मैं काफी एक्साइटेड भी हूं।

**यूलिया को क्यों चुना?**

निर्देशक जो राजन अपनी इस शॉर्ट फिल्म 'इकोज ऑफ अज' की एक्टिंग में तैयारियों में काफी व्यस्त हैं। उन्होंने बताया कि आखिर क्यों अपनी शॉर्ट फिल्म के लिए यूलिया वंतूर को चुना । साथ ही उसके साथ काम करने का अनुभव भी साझा किया। जो राजन ने कहा, "जब यूलिया ने मेरी शॉर्ट फिल्म के लिए हां कहा, तो वह इस प्रोजेक्ट में एक सच्चाई और गहराई ले आईं, जिससे पूरी फिल्म और भी बेहतर बन गई। वह काफी प्रोफेशनल हैं, उन्हें नई चीजें सीखना बेहद पसंद है और कुछ नया करने के लिए हमेशा तैयार रहती हैं।

उसने आगे कहा, शुरुआत से ही मुझे लगा कि यह किरदार यूलिया के लिए बिल्कुल सही है। उनके अंदर वह भावनात्मक गहराई और सुंदरता है जो इस किरदार को चाहिए थी । यूलिया का यह डेब्यू सिर्फ एक्टिंग के लिए नहीं, बल्कि उनके रचनात्मक सफर शुरू करने का भी है। उन्होंने अपनी सिंगिंग की समझ, स्टेज पर काम करने का अनुभव और अपनी संस्कृति की खासियत भी इस किरदार में झलकाई है ।

जो राजन ने आगे कहा कि यूलिया ने अपने किरदार को इतने सच्चे और असली तरीके से निभाया कि ऐसा अभिनय तो कई बार अनुभवी कलाकार भी नहीं कर पाते। उन्होंने कहा, " यूलिया ने हमें अपने अभिनय से हैरान कर दिया । उनके अंदर भावनाओं को समझने की गहराई है । वह छोटी-छोटी बातों पर ध्यान देती हैं और डायरैक्शन को खुले दिल से अपनाती हैं । फिल्म के दौरान उन्हें आगे बढ़ते देखना बहुत अच्छा लगा। मुझे लगता है कि यह सिर्फ शुरुआत है और उनका फिल्मी सफर लंबा और प्रेरणादायक होगा।"

# 'जहां अकल है, वहां अकड़ है', अमिताभ बच्चन ने केबीसी के नए सीजन का किया दमदार आगाज़



भारत के सबसे प्रतिष्ठित और भरोसेमंद क्विज रियलिटी शो 'कौन बनेगा करोड़पति' एक बार फिर दर्शकों के दिलों पर राज करने लौट रहा है। 11 अगस्त से शुरू हो रहे इस सीजन की मेजबानी एक बार फिर करेंगे बॉलीवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन, जिनकी दमदार आवाज और शानदार अंदाज़ केबीसी की पहचान बन चुका है।

**नया सीजन, नई सोच: 'जहां अकल है, वहां अकड़ है'**

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन ने केबीसी के नए सीजन के लिए जो थीम कैंपेन लॉन्च किया है, उसका नाम है — 'जहां अकल है, वहां अकड़ है'। इस टैगलाइन के जरिए शो का उद्देश्य साफ है – ज्ञान केवल किताबों तक सीमित नहीं, बल्कि सोच, नज़रिया और आत्मविश्वास का भी नाम है। इस बार का कैंपेन समाज के उन लोगों की कहानियों को उजागर करता है, जो अपने ज्ञान, हिम्मत और आत्मबल के दम पर न सिर्फ अपने सपनों को सच कर रहे हैं, बल्कि समाज की रूढ़ियों को भी चुनौती दे रहे हैं। यह एक सामाजिक संदेश है कि "अगर आपके पास ज्ञान है, तो आपको झुकने की ज़रूरत नहीं — आपकी अकड़ आपका हक है।"

# नेटिजंस को रास आ रही माधवन और फातिमा की एक्टिंग, 'आप जैसा कोई' की कहानी में है ट्विस्ट



एक्टर आर माधवन और फातिमा सना शेख की फिल्म 'आप जैसा कोई' आज 11 जुलाई को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो गई है। फिल्म को देखने के बाद यूजर्स एक्स पर अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। तो चलिए जानते हैं कि इस रोमांटिक फिल्म को यूजर्स कैसा बता रहे हैं और कितनी रेटिंग दे रहे हैं।

**नेटिजंस ने फिल्म पर दी मिली-जुली राय**

'आप जैसा कोई' फिल्म को देखने के बाद नेटिजंस एक्स अकाउंट पर इसके रिव्यू लिख रहे हैं। एक यूजर ने लिखा कि ये शानदार मूवी है और इस जरूर देखें। साथ ही उन्होंने फिल्म को तीन स्टार दिए।

**फिल्म के बारे में**

आपको बता दें कि फिल्म 'आप जैसा कोई' एक रोमांटिक फिल्म है। इसमें आर माधवन और फातिमा सना शेख अहम किरदार में हैं। फिल्म का निर्देशन विवेक सोनी ने किया है। करण जौहर इसके निर्माता हैं, जिसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

# शिल्पा शेट्टी ने मराठी भाषा विवाद पर रखी राय, कहा- महाराष्ट्र की लड़की हूं

अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने हाल ही में अपनी अपकमिंग फिल्म के प्रमोशनल इवेंट में हिस्सा लिया। वहां उनसे मराठी भाषा पर चल रहे विवाद के बारे में पूछा गया। इस पर शिल्पा शेट्टी ने कोई भी कमेंट करने से इंकार कर दिया। उन्होंने कहा कि वह किसी भी तरह के विवाद को बढ़ावा नहीं देना चाहती हैं।



**शिल्पा ने सवाल को किया नजर अंदाज**

शिल्पा शेट्टी बृहस्पतिवार को मुंबई पहुंचीं और अपनी अपकमिंग फिल्म 'केडी-द डेविल' के प्रमोशनल इवेंट में हिस्सा लिया। इस इवेंट में कन्नड़ फिल्म का टीजर जारी किया गया। इसी दौरान उनसे पूछा गया कि वह मराठी भाषा विवाद पर कोई बयान दें लेकिन उन्होंने इस सवाल को टाल दिया और कहा कि उनकी जड़ें 'मराठी मुल्गी' हैं।

**संजय दत्त ने दिया शिल्पा का साथ**

शिल्पा शेट्टी ने कहा 'मैं महाराष्ट्र की लड़की हूं। आज हम फिल्म केडी के बारे में बात कर रहे हैं। अगर आप किसी दूसरे विवाद के बारे में बात कर रहे हैं तो मैं इसे बढ़ावा नहीं दे सकती। यह फिल्म कई भाषाओं में रिलीज होने वाली है और हम इसे मराठी में भी डब कर सकते हैं।'

शिल्पा शेट्टी के सह-कलाकार संजय दत्त ने भी विवाद से दूरी बनाए रखी। वह शिल्पा के बयान पर मुस्कुराते हुए नजर आए।

**क्या है मराठी भाषा विवाद?**

आपको बता दें कि मराठी भाषा विवाद तब शुरू हुआ जब राज्य सरकार ने राज्य के प्राथमिक विद्यालयों में हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में शामिल करने की योजना बनाई। इस आदेश पर राज्य के विपक्ष और भाषा समर्थक समूहों ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। हालांकि महाराष्ट्र की भाजपा सरकार ने अपने आदेश को पलट दिया है, लेकिन इस पर बहस अभी भी जारी है।

**शिल्पा की फिल्म के बारे में**

आपको बता दें कि शिल्पा शेट्टी जल्द ही फिल्म 'केडी द डेविल; में नजर आएंगी। शिल्पा के अलावा, इस फिल्म में ध्रुव सर्जा, संजय दत्त, रीशमा नानैया, रमेश अरविंद, रविचंद्रन जैसे बड़े सितारे नजर आएंगे।

फिल्म का टीजर 10 जुलाई को जारी किया गया था। दो मिनट का यह टीजर कन्नड़, हिंदी, तेलुगु, तमिल और मलयालम में रिलीज किया गया था।

# कपिल शर्मा के घर पहुंची पुलिस

## एक दिन पहले कनाडा में कैप्स कैफे पर हुई फायरिंग से जुड़ा है मामला




कॉमेडियन कपिल शर्मा इस समय चर्चा में हैं। हाल ही में कपिल शर्मा के घर ओशिवारा पुलिस पहुंची है। दरअसल, बुधवार यानि 10 जुलाई को कनाडा में कपिल के कैफे पर फायरिंग हुई थी।आतंकी हरजीत लड्डी ने कैफे पर फायरिंग की जिम्मेदारी ली है जो निहंग सिखों पर कपिल के बयान से नाराज था।

वहीं इस फायरिंग के बाद कपिल की सुरक्षा के मद्देनजर ओशिवारा पुलिस मुंबई में कपिल के घर पहुंची एक रिपोर्ट के अनुसार कपिल को मुंबई में किसी तरह की धमकी मिली है या नहीं इस बारे में पुलिस ने अभी तक कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी है। सोसाइटी की निजी सुरक्षा एजेंसी से बातचीत की जा रही है। बता दें कि इस बिल्डिंग में बॉलीवुड और टीवी इंडस्ट्री से जुड़े दर्जनों लोग रहते हैं।

कॉमेडी किंग कपिल शर्मा ने कनाडा में 2 साल की मेहनत के बादकुछ दिन पहले ही ' कैप्स कैफे' लॉन्च किया था जहां बुधवार रात फायरिंग हुई। कपिल के कैफे पर 10 से 12 से ज्यादा गोलियां चलाई गईं। फायरिंग का वीडियो भी सामने आया जिसमें हमलावर का चेहरा नहीं सिर्फ गन नजर आ रही है हालांकि आतंकी हरजीत सिंह लड्डी ने हमले की जिम्मेदारी ली है।

आतंकी हरजीत ने दावा किया है कि वो कपिल शर्मा की कुछ टिप्पणियों से नाराज था जिसके बाद उसने ये कदम उठाया है। फिलहाल कनाडा पुलिस हमलावरों की तलाश में जुट गई है। वहीं फायरिंग की घटना के बाद कपिल शर्मा के कैप्स कैफे की तरफ से सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखी गई जिसमें जल्द ही कैफे की वापसी की बात कही गई और सपोर्ट के लिए लोगों का आभार जताया गया।


## आठ महिला नक्सली समेत 22 नक्सलियों ने किया सरेंडर

### 37 लाख का घोषित था इनाम

जगदलपुर, 11 जुलाई (एजेंसियां)। नक्सलियों की खोखली विचारधारा से त्रस्त होकर नारायणपुर में आज फिर से 22 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। सरेंडर करने वालों में 14 पुरुष और आठ महिला नक्सली शामिल हैं। साथ ही एक दंपति ने भी उनका साथ छोड़ दिया है। बताया जा रहा है कि कुतुल एरिया कमेटी के अलावा आमदाई एरिया कमेटी में सक्रिय रहने वाले नक्सलियों ने नक्सलियों की खोखली विचारधारा से त्रस्त होकर आत्म समर्पण करने का फैसला लिया। इन समर्पण करने वालों में 8 महिला नक्सली भी शामिल है, वही नक्सलियों की टीम में शामिल एरिया कमांडर सुखलाल जिसपर 8 लाख का इनाम था, उसने भी अपनी पत्नी के साथ सरेंडर कर दिया, इन सभी आत्म समर्पण करने वाले नक्सलियों के ऊपर 37 लाख रुपये का इनाम घोषित था।

# ट्रम्प ने कनाडा पर 35% टैरिफ लगाया

### बोले– अगर जवाब दिया तो और बढ़ा देंगे बाकी देशों पर भी 15–20% टैरिफ लगेगा



वॉशिंगटन, 11 जुलाई (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कनाडा से आने वाले सामान पर 35% टैरिफ लगाने का फैसला किया है। ट्रम्प ने गुरुवार को कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी को लेटर भेजकर यह ऐलान किया।

लेटर के मुताबिक अमेरिका 1 अगस्त 2025 से कनाडा पर नए टैरिफ लागू होंगे। ट्रम्प ने चेतावनी भी दी कि अगर कनाडा ने इसका जवाब दिया, तो यह टैरिफ और बढ़ा दिया जाएगा।

अमेरिका पहले ही कनाडा पर मार्च 2025 में 25% टैरिफ लगा चुका है। यह कदम दोनों देशों के दशकों पुराने व्यापारिक और कूटनीतिक रिश्तों में बड़ी दरार एक माना जा रहा है।

ट्रम्प ने इस फैसले के पीछे कनाडा से अमेरिका में हो रही फेंटानिल की तस्करी को वजह बताया है। हालांकि उन्होंने लेटर में लिखा फेंटानिल ही एकमात्र समस्या नहीं है। कनाडा के पास कई तरह की टैरिफ और नॉन-टैरिफ नीतियां हैं, जो अमेरिका के व्यापार के खिलाफ हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को ब्राजील से आयात होने वाले सामानों पर 50% टैरिफ लगाने की घोषणा की है। इसे लेकर उन्होंने ट्रुथ सोशल पर एक लेटर शेयर किया। इसमें उन्होंने ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति और अपने दोस्त जायर बोल्सोनारो के खिलाफ चल रहे मुकदमे की निंदा की।

ट्रम्प ने कहा कि बोल्सोनारो के खिलाफ चल रहा मुकदमा ब्राजील के लिए एक अंतरराष्ट्रीय शर्मिंदगी है, यह एक तरह विच हंट (बिना किसी ठोस सबूत के आरोप लगाना) है। बोल्सोनारो पर 8 जनवरी 2023 को ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया में हुए दंगों के लिए कथित रूप से तख्तापलट की कोशिश का आरोप है।

ट्रम्प ने कहा- ब्राजील में फ्री इलेक्शन पर हमला हो रहा है और अमेरिकी लोगों की अभिव्यक्ति की आजादी को कंट्रोल किया जा रहा है। इस वजह से 1 अगस्त 2025 से ब्राजील से अमेरिका आने वाले सभी उत्पादों पर 50% टैरिफ लगाया जाएगा।

ट्रम्प ने लिखा- ब्राजील ने पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो एक सम्मानित नेता थे। उनके साथ जो व्यवहार किया, वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शर्मनाक है। यह मुकदमा तुरंत खत्म होना चाहिए। उन्होंने ब्राजील की सुप्रीम कोर्ट की तरफ से बोल्सोनारो को अगले चुनाव में भाग लेने से रोकने और ट्रम्प के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल और रंबल पर सेंसरशिप आदेशों का भी जिक्र किया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को 1 अगस्त से 7 और देशों पर टैरिफ लगाने की घोषणा की। इन देशों में फिलीपींस, ब्रुनेई, अल्जीरिया, मोल्दोवा, इराक और लीबिया का नाम शामिल है।

# पाकिस्तान में बलूचों ने मचाया कहर

### 9 पंजाबियों को अपहरण कर मारा, बलूचिस्तान के सीएम ने भारत के खिलाफ उगला जहर



इस्लामाबाद, 11 जुलाई (एजेंसियां)। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में बलूच विद्रोहियों ने बड़ा हमला किया है। बंदूकधारियों ने क्वेटा से लाहौर जा रही एक बस को रोककर कम से कम 9 यात्रियों को उतारकर गोली मार दी। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, उत्तरी बलूचिस्तान के पास झोब कस्बे के पास हथियारबंद हमलावरों ने बस को रोककर यात्रियों को उतारा और 9 लोगों की पहचान करके उन्हें मार दिया। झोब के असिस्टेंट पुलिस कमिश्नर ने बताया कि हमलावरों ने यात्रियों को वाहन से उतारने के बाद उन्हें गोली मारी। बलूचिस्तान की प्रांतीय सरकार ने हमले की निंदा करते हुए इसे आतंकवादी घटना बताया। वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने भारत के खिलाफ जहर उगला है।

प्रांतीय सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने कहा, 'आतंकवादियों ने यात्रियों को बस से उतार लिया। उनकी पहचान की और फिर 9 निर्दोष पाकिस्तानियों की बेरहमी से हत्या कर दी।' रिंद ने इसके लिए फितना अल-हिंदुस्तान को जिम्मेदार ठहराया। बलूचिस्तान की सरकार ने मारे गए लोगों की पाकिस्तानी पहचान पर जोर दिया है। हालांकि, बलूच विद्रोहियों से जुड़े मीडिया समूह ने बताया है कि मारे गए लोग पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के रहने वाले हैं।

बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने यात्रियों की हत्या की कड़ी निंदा की और इसे खुला आतंकवाद बताया। बुगती ने कहा कि हमलावरों ने जानबूझकर निर्दोष नागरिकों को उनकी पाकिस्तानी पहचान के आधार पर निशाना बनाया। उन्हें इस कृत्य को एक अक्षम्य अपराध बताया और आतंकी नेटवर्क को नेस्तनाबूद करने की कसम खाई। प्रांतीय सरकार के प्रवक्ता ने हमले के पीछे भारतीय एजेंट का हाथ बताया।

# 'महादेव बुक' के बाद छत्तीसगढ़ में 'शिवा बुक' की एंट्री

### 20 करोड़ का संदिग्ध लेनदेन, दुर्ग से दुबई कनेक्शन, नागपुर से 6 आरोपी पकड़ाए

खैरागढ़, 11 जुलाई (एजेंसियां)। छत्तीसगढ में महादेव बुक के बाद शिवा एप की एंट्री हुई है। खैरागढ़-गंडई-छुईखदान जिले में 20 करोड़ का ऑनलाइन सट्टा खिलाने का मामला सामने आया है। आरोपियों का एक गिरोह है जो 'शिवा बुक' नाम के एप से पैसे का लेनदेन करता है, इसका कनेक्शन दुर्ग और नागपुर दो जगहों पर मिला है। बताया जा रहा है इन एप्स का कनेक्शन दुबई तक है।

मामला खैरागढ़ थाना क्षेत्र का है। सटोरिए महाराष्ट्र के नागपुर में किराए से एक फ्लैट लिए थे, जहां से इसका संचालन किया जाता था। मोबाइल-लैपटॉप से ऑनलाइन गेमिंग एप पर सट्टा खिलाते थे। 12 जुलाई को पुलिस ने नागपुर से 6 आरोपियों की गिरफ्तारी की है, सभी छत्तीसगढ़ के रहने वाले है।

जांच में सामने आया है कि जिस सर्वर से महादेव बुक चलाया जाता था उसी सर्वर से इस 'शिवा एप' का भी इस्तेमाल हो रहा था। पुलिस इस डिटेल्स की जांच कर रही है और ये पता लगाने की कोशिश कर रही है कही इसका कनेक्शन हवाला, ड्रग्स और बिटकॉइन के संदिग्ध लेनदेन में तो नहीं। बताया जा रहा है महादेव सट्टा एप के ब्लॉक होते ही कई तरह के एप तुरंत बना लिए जाते है।

बेब साइट की मास्किंग की, नाम बदला, ले आउट चेंज किया इससे एप का पूरा लुक चेंज कर दिया जाता है और फिर इसका संचालन करते है। जो लोग महादेव एप्प में पैसा लगाते थे वो लोग अब इसमें पैसा डालकर खेल रहे है।

जांच में यह भी सामने आया है कि महादेव बुक, अन्ना रेड्डी, लोटस, शिवनाथ और शिवा बुक जैसे एप एक ही सर्वर से चलते हैं। आरोपी सिर्फ एप का नाम और लोगो बदलकर लोगों को धोखा देते हैं। सभी एप एक ही सोर्स कोड पर काम करते हैं। एजेंसियों के मुताबिक, यह नेटवर्क हवाला, ड्रग्स और बिटकॉइन के संदिग्ध लेनदेन में भी शामिल रहा है।

खैरागढ़ पुलिस जब्त डेटा और बैंक डिटेल्स की जांच कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या शिवा बुक एप का नेटवर्क महादेव बुक या अन्ना रेड्डी रैकेट से लिंक है। आरोपियों के कब्जे से 50 हजार रुपए नगद और बैंक खातों में 2.28 लाख रुपए जब्त किए हैं।

इसके अलावा 25 मोबाइल फोन, 2 लैपटॉप, 26 एटीएम कार्ड, 19 बैंक पासबुक और 14 चेकबुक भी मिले हैं। आरोपियों के पास से 8 आधार कार्ड, पासपोर्ट और सट्टे के हिसाब-किताब के रजिस्टर भी बरामद हुए हैं।

पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने बैंक खातों और यूपीआई से 20 करोड़ रुपए से ज्यादा का लेनदेन किया है। एसपी लक्ष्य शर्मा के निर्देश पर सायबर सेल और थाना छुईखदान की टीम ने नागपुर में कार्रवाई की।

पुलिस के मुताबिक, इस नेटवर्क का मुख्य संचालक दुर्ग का रहने वाला एक व्यक्ति है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। इस नेटवर्क में और भी लोगों की संलिप्तता की संभावना है।

एसपी लक्ष्य शर्मा ने बताया कि 18 जून 2025 को खैरागढ़ का एक व्यक्ति ऑनलाइन जुआ खेल रहा था, तब पुलिस ने उसे पकड़ा। फिर इस एप के सर्वर को ट्रेस किया गया, जिससे 2 ब्रांच का पता चला।

एक ब्रांच दुर्ग में थी दूसरी ब्रांच नागपुर में थी। पुलिस ने सारे सिस्टम को ध्वस्त कर दिया है। अभी इसमें और कार्रवाई होना बाकी है।

# बांग्लादेश में सेना का कट्टरपंथी पार्टियों को समर्थन

### हसीना की पार्टी चुनावी मैदान से गायब खालिदा की बीएनपी मुश्किलों में घिरी

ढाका, 11 जुलाई (एजेंसियां)। बांग्लादेशी आर्मी के चीफ जनरलवाकर-उज-जमान का झुकाव अब कट्टरपंथी इस्लामी दलों की ओर देखा जा रहा है। जिनमें जमात-ए-इस्लामी, इस्लामी आंदोलन बांग्लादेश, खिलाफत मजलिस, मुत्ताहिदे मजलिस-ए-अमल, और तंजीमुल उलेमा जैसे दल शामिल हैं। ये सभी मिलकर एक कट्टरपंथी गठबंधन के रूप में उभर रहे हैं और एकजुट होकर प्रोपोर्शनल रिप्रेजेंटेशन प्रणाली (मत प्रतिशत आधारित सीट बंटवारा) की मांग कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि यह मांग नहीं मानी गई तो वे चुनाव बहिष्कार का रास्ता अपनाएंगे।

मुख्य विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) अंदरूनी चुनौतियों से जूझ रही है। पार्टी अब तक उम्मीदवार तय नहीं कर पाई है और हर सीट पर कई दावेदारों के चलते अंतर्विरोध गहराते जा रहे हैं। ऐसे में नेता तारीक रहमान की संभावित वापसी को पार्टी संकट से उत्थान की अंतिम उम्मीद मान रही है।



चीफ एडवाइजर के नेतृत्व में राष्ट्रीय सहमति आयोग व संविधान सुधार आयोग ने दो सदन वाली संसद की सिफारिश की है। निचले सदन में 400 सीटें और चुनाव पहले की तरह फर्स्ट पास्ट द पोस्ट प्रणाली से होंगे।

ऊपरी सदन में 100 सीटें होंगी, जो निचले सदन के चुनाव में पार्टियों को प्राप्त वोट प्रतिशत के आधार पर तय की जाएंगी। इस पर कट्टरपंथी गठबंधन सहमत हैं, लेकिन बीएनपी इन 3 मुद्दों पर मुद्दों पर असहमत है।

**चुनाव प्रणाली पर मतभेद**

कट्टरपंथी: प्रोपोर्शनल रिप्रेजेंटेशन प्रणाली की मांग कर रहे हैं, जिसमें निचले सदन के चुनावों में किसी पार्टी को जितना प्रतिशत वोट मिले, उतने ही प्रतिशत सीटें उसे ऊपरी सदन में मिलें।

बीएनपी: इस प्रणाली का विरोध करती है। पार्टी चाहती है कि ऊपरी सदन में सीटों का आवंटन महिला आरक्षित सीटों की तर्ज पर हो, यानी पार्टी की निचले सदन में जीत के अनुपात में हो, न कि वोट प्रतिशत के आधार पर।

**रणनीतिक दबाव की राजनीति**

कट्टरपंथी: प्रोपोर्शनल रिप्रेजेंटेशन प्रणाली लागू करवाने के लिए वे एकजुट होकर चुनाव बहिष्कार की धमकी दे रहे हैं ताकि बीएनपी पर दबाव बनाया जा सके।

बीएनपी: दबाव की राजनीति मंजूर नहीं, ये ब्लैकमेलिंग है।

**चुनाव की टाइमिंग पर टकराव**

कट्टरपंथी: फरवरी 2026 तक चुनाव के लिए तैयार नहीं है। वे चुनाव की प्रक्रिया को परामर्श आधारित बनाना चाहते हैं।

बीएनपी: बीएनपी ने फरवरी 2026 में चुनाव कराने पर सैद्धांतिक सहमति दी है, वे इसका दवाब बना रहे।

# ईरान के हमले में कतर स्थित अमेरिकी एयरबेस का संचार केंद्र तबाह

वॉशिंगटन, 11 जुलाई (एजेंसियां)। बीते महीने ईरान के हमले में कतर स्थित अमेरिका के एयरबेस पर जियोडेसिक गुंबद को नुकसान पहुंचा। इस जियोडेसिक गुंबद का इस्तेमाल अमेरिकी वायुसेना द्वारा सुरक्षित संचार के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था। सैटेलाइट तस्वीरों से यह खुलासा हुआ है।

हालांकि अमेरिका या कतर की सरकार ने इसे लेकर कोई बयान नहीं दिया है। अमेरिका ने बीते महीने बंकर बस्टर बमों से ईरान के तीन परमाणु ठिकानों को निशाना बनाया था। इसके जवाब में ईरान ने कतर स्थित अमेरिकी वायुसेना के ठिकाने पर हमला किया था। हालांकि उसके बाद दोनों देशों में शांति समझौता हो गया था।

ईरान ने 23 जून को कतर स्थित अल उदैद एयर बेस को निशाना बनाया था। ईरान के हमले में अमेरिकी एयरबेस को मामूली नुकसान हुआ। इसकी वजह ये रही कि अमेरिका ने हमले से पहले ही अपने लड़ाकू विमानों को सेना के सेंट्रल कमांड मुख्यालय स्थानांतरित कर दिया था। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भी बताया कि ईरान ने हमले से पहले ही संकेत दे दिए थे कि हमला कहां होने वाला है, जिससे अमेरिका को अपने बचाव में कदम उठाने का मौका मिला। प्लेनेट लैब्स की सैटेलाइट तस्वीरों से पता चला कि ईरानी हमले में अमेरिकी एयरबेस पर स्थित जियोडेसिक गुंबद को नुकसान पहुंचा है। जियोडेसिक गुंबद का इस्तेमाल अमेरिकी सेना सुरक्षित संचार के लिए इस्तेमाल करती थी। कतर के अल उदैद एयर बेस पर अमेरिकी वायुसेना की 379वीं एयर एक्सपीडिशनरी विंग तैनात है। 25 जून को ली गईं सैटेलाइट तस्वीरों से पता चला है कि ईरानी हमले के बाद जियोडेसिक गुंबद तबाह हो गया है।

# रिश्वत लेते राजस्व कर्मचारी गिरफ्तार

### म्यूटेशन के लिए 50 हजार रुपए मांगे थे, पहली किस्त 20 हजार लेते एसीबी ने पकड़ा

गिरिडीह, 11 जुलाई (एजेंसियां)। गिरिडीह जिले के गावां प्रखंड में एसीबी ने एक राजस्व कर्मचारी को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। गावां अंचल कार्यालय में तैनात राजस्व कर्मचारी आलोक शंकर त्रिगुणायत को 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया।

शिकायतकर्ता राजू प्रसाद यादव ने एसीबी को बताया कि आलोक शंकर ने उनसे म्यूटेशन के लिए 50 हजार रुपए की मांग की थी। राजू की शिकायत पर एसीबी ने कार्रवाई की योजना बनाई। आरोपी कर्मचारी पहली किस्त के रूप में 20 हजार रुपए लेते समय पकड़ा गया। आलोक शंकर गावां अंचल के हल्का नंबर 8 और 9 का प्रभार संभाल रहे थे। धनबाद एसीबी की टीम ने उन्हें गावां बाजार स्थित बेलु राम के घर से गिरफ्तार किया।

# शादी होते ही बेटे ने मां के भरण-पोषण से मुंह फेरा

### हाईकोर्ट ने दिया यह आदेश

बिलासपुर, 11 जुलाई (एजेंसियां)। पिता के स्थान पर अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त पुत्र द्वारा मृतक के आश्रितों का देखभाल नहीं करने के मामले में हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण निर्णय दिया है। कोर्ट ने कहा, कि अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने के विधिक उद्देश्य के अंतर्गत मृतक के आश्रितों को भरण-पोषण प्रदान करना नियुक्त व्यक्ति का नैतिक और विधिक कर्तव्य माना गया है, जब तक कि वे आत्मनिर्भर न हो जाएं। दरअसल, जशपुर जिला निवासी सुरेंद्र खाखा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी में कर्मचारी था। 2002 में सुरेंद्र खाखा की पत्नी की मौत हो गई। पहली पत्नी से दो पुत्र सत्यम व जितेंद्र थे।

पत्नी की मौत के बाद उन्होंने दूसरी शादी की। विवाह के बाद दूसरी पत्नी से एक पुत्री एवं पुत्र का जन्म हुआ। स्वयं के संतान होने के बाद भी वह पति के पहली पत्नी की दोनों बच्चों को अपने ही बच्चों की तरह पालन की। सेवाकाल के दौरान पति की दिसंबर 2010 में मौत हो गई। कर्मचारी की मौत के बाद बिजली विभाग ने पत्नी को अनुकंपा नियुक्ति देने की अनुशंसा की।

इस पर सौतेली मां होने के बाद उसने अपने सौतेले बड़े बेटे को अनुकंपा नियुक्ति दिलाने सहमति दी, कि वह मृतक की पत्नी एवं अन्य आश्रितों का भरण पोषण करेगा। कुछ समय तक उसने परिवार का भरण पोषण किया। शादी के बाद उसने परिवार का देखभाल बंद कर पत्नी के साथ अलग हो गया।

इस पर सौतेली मां ने परिवार न्यायालय में परिवाद पेश कर पति के स्थान पर अनुकंपा नियुक्ति पाने वाले पुत्र से भरण पोषण राशि दिलाने की मांग की।

# चीन की सीमा के पास म्यांमार में भीषण गृहयुद्ध

### ड्रैगन की विद्रोहियों को खुली धमकी दुनिया में रुक जाएंगे गाड़ियों के पहिए?

रंगून, 11 जुलाई (एजेंसियां)। म्यांमार में चीन की सीमा के पास भामो में भीषण गृहयुद्ध चल रहा है। काचिन इंडिपेंडेंस आर्मी दिसंबर महीने से ही चीन के समर्थन वाली म्यांमार की सेना से जंग लड़ रही है। यह वही इलाका है जहां पर दुनिया का आधुनिक खजाना यानि रेअर अर्थ छिपा हुआ है। यह इलाका चीन की सीमा से मात्र 100 किमी की दूरी पर है। म्यांमार में साल 2021 में सेना के तख्तापलट के बाद से ही देश के अंदर भीषण गृहयुद्ध शुरू हो गया। आज आलम यह है कि देश के कई इलाके में विद्रोहियों को कब्जा हो गया है और सेना को भारी नुकसान उठा पड़ा है। महीनों से जारी इस लड़ाई से दुनिया में रेअर अर्थ की सप्लाइ संकट में आ गई है। चीन इस समय दुनिया को रेअर अर्थ के नाम पर धमका रहा है और इसकी वजह से इलेक्ट्रिक गाड़ियों का निर्माण रुक जाने का खतरा पैदा हो गया है। चीन ने अब काचिन इंडपिंडेंस आर्मी को रेअर अर्थ पर धमकी दी है।

दुनिया का लगभग आधा हैवी रेअर अर्थ म्यांमार के काचिन राज्य से निकाला जाता है। इसमें उत्तरी बामो भी शामिल है जो सेना का रणनीतिक गढ़ है। इस रेअर अर्थ को यहां से निकाले जाने के बाद उसे चीन भेज दिया जाता है ताकि उससे मैग्नेट बनाया जा सके। इस मैग्नेट की मदद से इलेक्ट्रिक गाड़ियां और विंड टर्बाइन बनाई जाती है। हैवी रेअर अर्थ की प्रोसिसिंग में चीन का लगभग एकाधिकार है। चीन ने अब म्यांमार के विद्रोही गुट को धमकी दी है कि अगर उसने भामो पर पूरी तरह से कब्जा करने की कोशिश की तो वह रेअर अर्थ की खरीद को बंद कर देगा।

चीन की इस धमकी यह साफ है कि वह खनिजों पर कब्जे को बढ़ा रहा है ताकि अपने भूराजनीतिक लक्ष्यों को हासिल किया जा सके। इस गृहयुद्ध की वजह से दुनिया में रेअर अर्थ का खनन और उसका निर्यात प्रभावित हो रहा है। चीन ने रेअर अर्थ को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया है और अमेरिका से लेकर भारत तक इसकी सप्लाई को रोक दिया है। अब चीन इसका इस्तेमाल म्यांमार की सेना की मदद के लिए कर रहा है। चीन की सरकार का कहना है कि सीजफायर और शांति वार्ता म्यांमार की सेना और काचिन आर्मी तथा चीन सभी के हित में है।

# महिला वकील ने क्लाइंट को पीटा, बाल पकड़कर खींचा

### धक्का देकर जमीन पर गिराया, बोली–मुझे किसी का डर नहीं, पुलिस भी नहीं रोक पाई

बिलासपुर, 11 जुलाई (एजेंसियां)। बिलासपुर के फैमिली कोर्ट में एक महिला वकील ने अपने क्लाइंट और उसके परिजन के साथ जमकर मारपीट की। इस दौरान वकील ने हार्ट पेशेंट महिला को धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया, जिसके बाद उसकी बेटी का बाल पकड़कर खींचने लगी। वहीं, उसके भाई का टी-शर्ट पकड़ धमकाती रही।

मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। 10 जुलाई को हुई इस घटना का वीडियो भी सामने आया है, वीडियो में देखा जा सकता है कि वकील कह रही है कि उसे किसी का डर नहीं है। वहीं, पुलिस बचाने आई जरूर लेकिन रोक नहीं पाई। पीड़ित सुमन ठाकुर ने महिला वकील पर फीस लेने के बाद केस लड़ने से मना कर देने का आरोप लगाया है। वहीं, वकील लीना अग्रहरी ने महिला के भाई पर बदतमीजी का आरोप लगाया है। बाद में दोनों पक्ष ने समझौता भी कर लिया।

शहर की महिला सुमन ठाकुर का पति से पारिवारिक विवाद चल रहा है, जिस पर उसने फैमिली कोर्ट में केस दायर की है। 10 जुलाई गुरुवार को सुमन अपनी मां सावित्री देवी और भाई मुकुंद ठाकुर के साथ फैमिली कोर्ट पहुंची थी। तभी वकील लीना अग्रहरी से फीस को लेकर विवाद हो गया।

सुमन ठाकुर का आरोप है कि वकील ने फीस लेने के बावजूद उनका केस लड़ने से मना कर दिया। जब फरियादी ने इस पर आपत्ति जताई, तो वकील लीना अग्रहरी भड़क गईं और सुमन के बाल पकड़कर मारपीट शुरू कर दी। वीडियो में वकील लीना ने भी मुकुंद ठाकुर पर बदतमीजी करने का आरोप लगाया है।

पीड़ित सुमन ठाकुर की मां सावित्री देवी हार्ट पेशेंट हैं और कुछ महीने पहले ही उनकी सर्जरी हुई है। जब वह बीच-बचाव करने गईं, तो वकील ने उन्हें धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया। जब भाई मुकुंद सिंह ने घटना का वीडियो बनाना शुरू किया, तो वकील ने उसका टी शर्ट पकड़ लिया और मोबाइल छीनने की कोशिश भी की। इस विवाद के दौरान पुलिसकर्मी भी मौजूद थे, जिनमें महिला पुलिस भी शामिल हैं। उन्होंने बीच-बचाव करने की कोशिश की।

लेकिन, महिला वकील की गुंडागर्दी को रोकने की हिम्मत नहीं जुटाई। वहीं, इस दौरान वकीलों की भीड़ भी जुट गई। महिला वकील पीड़ित पक्षकार के बजाय वकील के पक्ष में खड़ी नजर आईं और उल्टा मारपीट करने का आरोप लगाने लगीं।

सिविल लाइन थाना प्रभारी एसआर साहू ने बताया कि कोर्ट परिसर में महिला वकील और फरियादी महिला और उनके परिजनों के बीच विवाद और झूमाझटकी का मामला सामने आया था। पुलिस ने दोनों पक्षों का मुलायजा कराया, जिसके बाद उन्होंने आपस में समझौता कर लिया है।

# सिंधु जल समझौते पर रोक से बौखलाया हुआ था पाकिस्तान

### भारत ने तैयार किया नया प्लान, बुरी तरह फंसी शहबाज सरकार

इस्लामाबाद, 11 जुलाई (एजेंसियां)। सिंधु जल समझौते पर रोक के बाद से ही पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। इस बीच भारत ने एक नया प्लान तैयार कर लिया है, जो पाकिस्तान की नींद उड़ा देगा। भारत सरकार जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में चिनाब नदी पर एक महत्वपूर्ण जलविद्युत परियोजना क्वार बांध के निर्माण में तेजी लाने जा रही है। इसके लिए 3119 करोड़ रुपये के कर्ज की मांग की गई है। भारत ने ये कदम सिंधु जल संधि को स्थगित करने के फैसले के बाद उठाया है, जिससे पाकिस्तान में नदी के निचले इलाके में पड़ने वाले असर को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।

इसी साल 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के एक दिन बाद भारत सरकार ने 1960 से चली आ रही सिंधु जल संधि को स्थगित कर दिया था। इस संधि के तहत भारतीय क्षेत्र से होकर बहने वाली छह नदियों में से तीन का पानी पाकिस्तान को मिलता है। भारत ने कहा था कि जब तक पाकिस्तान भारतीय क्षेत्र में आतंकवाद को फैलाना बंद नहीं करता, संधि स्थगित रहेगी। पहलगाम आतंकी हमलेकी जिम्मेदारी पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के प्रॉक्सी द रेजिस्टेंस फ्रंट ने ली थी। हमले के कुछ दिन पहले ही पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर ने पाकिस्तान में दिए गए एक संबोधन में कश्मीर को पाकिस्तान के गले की नस बताया था। मुनीर ने जिन्ना के द्विराष्ट्र सिद्धांत का जिक्र करते हुए कहा था कि हिंदू और मुसलमान को दो अलग कौम हैं, जो एक साथ शांति से नहीं रह सकते। माना जाता है कि मुनीर के भाषण ने ही कश्मीर में पर्यटकों पर हुए बर्बर हमले की भूमिका लिखी थी।

पहलगाम हमले के बाद से ही भारत-पाकिस्तान के रिश्ते तनावपूर्ण हैं। मई में दोनों के बीच एक छोटा लेकिन घातक सैन्य संघर्ष हो चुका है। ऐसे में क्वार जलविद्युत परियोजना में तेजी लाने का भारत का फैसला महत्वपूर्ण हो जाता है। इस परियोजना को चिनाब वैली पावर प्रोजेक्ट्स लिमिटेट से क्रियान्वित किया जा रहा है, जो एनएचपीसी लिमिटेड और जम्मू-कश्मीर राज्य विद्युत विकास निगम लिमिटेड का एक संयुक्त उद्यम है।

सीवीवीपीएल ने 3119 करोड़ रुपये के कर्ज के लिए कई वित्तीय संस्थानों और बैंकों से संपर्क किया है, जो 540 मेगावाट की इस परियोजना का आंशिक वित्तपोषण करेगा। परियोजना के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि जनवरी 2024 में रही, जब चिनाब नदी का जलमार्ग मोड़ सफलतापूर्वक पूरा हो गया। इस महत्वपूर्ण कदम ने मुख्य बांध निर्माण कार्य को शुरू करने में मदद की है, जो वर्तमान में चल रहा है।



# 100 अरब डॉलर निवेश करेगा अडानी ग्रुप

## जानिए कहां–कहां खर्च होगा यह पैसा



नई दिल्ली, 11 जुलाई (एजेंसियां)। अडानी ग्रुप के चेयरमैन और देश के दूसरे बड़े रईस गौतम अडानी ने एक बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा है कि उनका ग्रुप अगले पांच साल में लगभग 100 बिलियन डॉलर का निवेश करेगा। यह निवेश भारत के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगा। इससे नई नौकरियां पैदा होंगी और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। यह निवेश इन्फ्रास्ट्रक्चर, ऊर्जा और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में किया जाएगा। इससे भारत को एक विकसित देश बनने में मदद मिलेगी।

अडानी ग्रुप देश का तीसरा बड़ा औद्योगिक घराना है। यह कंपनी ऊर्जा, इन्फ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स और अन्य क्षेत्रों में काम करती है। अडानी ग्रुप भारत के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अडानी ने यह बात सोसाइटी फॉर मिनिमली इनवेसिव स्पाइन सर्जरी – एशिया पैसिफिक के 5वें वार्षिक सम्मेलन में कही। उन्होंने कहा, हम अगले पांच साल में लगभग 100 बिलियन डॉलर के पूंजीगत व्यय निवेश की तैयारी कर रहे हैं। इस निवेश का पैमाना और गति भारत के प्राइवेट सेक्टर के इतिहास में अभूतपूर्व है। हम भारत के विकास की रीढ़ को मजबूत करने के लिए अपना योगदान दे रहे हैं। एक ऐसी रीढ़ जो अटूट होनी चाहिए, एक ऐसी रीढ़ जो 1.4 बिलियन सपनों को साकार करे, एक ऐसी रीढ़ जो दुनिया को बताए कि भारत का उदय अवश्यंभावी है। इस दौरान अडानी ने अपने शुरुआती दिनों को याद करते हुए कहा, मेरे पास कोई डिग्री नहीं थी, कोई नौकरी नहीं थी और कोई सहारा नहीं था, सिवाय अपने रास्ते को खुद बनाने की तीव्र इच्छा के। मेरे पास और कुछ नहीं था। जो पैसा मैंने पहली बार कमाया, वह कभी मायने नहीं रखता था, लेकिन वह पल मायने रखता था। उद्यमशीलता एक चिंगारी और विश्वास के साथ शुरू होती है। सपने वो नहीं होते जो हम सोते समय देखते हैं, बल्कि वो होते हैं जो हमारी नींद उड़ा देते हैं। 1991 के भारत के आर्थिक उदारीकरण के महत्वपूर्ण क्षण को याद करते हुए अडानी ने कहा, 1991 में, हमने भारत के इतिहास में एक काला दौर देखा - जब हमारे पास सिर्फ 10 दिनों का विदेशी मुद्रा भंडार बचा था। लेकिन तत्कालीन नेतृत्व पी.वी. नरसिम्हा राव और डॉ. मनमोहन सिंह के साथ भारत ने निजीकरण के दरवाजे खोल दिए। उन्होंने कहा कि भारत में बहुत संभावनाएं हैं और हर कोई सफल हो सकता है अगर वह कड़ी मेहनत करे और अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करे।

# चांदी 1,10,300 के ऑल टाइम हाई पर

## आज 2,366 बढ़ी कीमत, सोना 427 रुपए महंगा हुआ; इस साल सोने और चांदी के दाम 28% बढ़े

मुंबई, 11 जुलाई (एजेंसियां)। चांदी का दाम आज यानी शुक्रवार (11 जुलाई) को ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार एक किलो चांदी की कीमत शुक्रवार को 2,366 रुपए बढ़कर 1,10,300 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है। कल ये 1,07,934 रुपए पर थी। वहीं, 24 कैरेट सोने के दाम में भी आज तेजी है। ये 427 रुपए महंगा होकर 97,473 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। कल सोने का दाम 97,046 रुपए प्रति 10 ग्राम था। इससे पहले 18 जून को चांदी ने 1,09,550 और सोने ने 99,454 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

**4 महानगरों में 10 ग्राम सोने की कीमत**



दिल्लीः 24 कैरेट सोने की कीमत 99,150 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,900

मुंबईः 24 कैरेट सोने की कीमत 99,000 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,750

कोलकाताः 24 कैरेट सोने की कीमत 99,000 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,750

चेन्नईः 24 कैरेट सोने की कीमत 99,000 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,750

# 4 दिन से गोली की तरह भाग रहा है ये पावर शेयर, निवेशकों को कराया मालामाल

नई दिल्ली, 11 जुलाई (एजेंसियां)। जेपी पावर के शेयर ने शुक्रवार, 11 जुलाई को कमजोर बाजार के बावजूद इंट्राडे ट्रेड में 8% की छलांग लगाई और बीएसई पर 52 हफ्तों का नया ऊपरी स्तर 24.86 रुपए के स्तर को छू लिया। शेयर ने पिछले बंद 23.02 रुपए के मुकाबले 23.17 रुपए पर खुलकर तेजी पकड़ी और 8% बढ़कर 24.86 रुपए तक पहुंच गया। हालांकि, बाद में शेयर थोड़े मुनाफावसूली दबाव में आया और दोपहर करीब 2:50 बजे यह करीब 3% ऊपर 23.70 रुपए पर ट्रेड कर रहा था। जयप्रकाश पावर वेंचर्स के शेयर हाल के दिनों में लगातार चढ़ाव पर हैं। पिछले एक महीने में शेयर ने करीब 30% की बढ़त दर्ज की है, जबकि बाकी बाजार सीमित दायरे में ही घूमता रहा। इस स्मॉल-कैप शेयर ने इस साल 3 मार्च को 52 हफ्तों का निचला स्तर 12.35 रुपए बनाया था, लेकिन उस महीने यह करीब 7% ऊपर बंद हुआ और तब से लगातार हरे निशान में बना हुआ है। जेपी पावर के शेयरों में तेजी की वजह मीडिया रिपोर्ट्स हैं, जिनके मुताबिक अरबपति गौतम अडानी के नेतृत्व वाला अडानी ग्रुप जयप्रकाश एसोसिएट्स को खरीदने के लिए सबसे बड़ा दावेदार बनकर उभरा है। अगर अडानी ग्रुप जैसी मजबूत और सशक्त कंपनी का अधिग्रहण होता है तो इससे जेपी एसोसिएट्स के साथ-साथ जेपी पावर को भी फायदा होगा, क्योंकि जेपी एसोसिएट्स की जेपी पावर में करीब 24% हिस्सेदारी है।विशेषज्ञों के मुताबिक, फिलहाल शेयर एक अहम रेजिस्टेंस लेवल के पास ट्रेड कर रहा है, इसलिए नई खरीदारी से पहले पक्के ब्रेकआउट का इंतजार करना चाहिए।

# शेयर बाजार में गिरावट का रुख जारी

## सेंसेक्स 689 अंक टूटा, निफ्टी 25200 के नीचे

नई दिल्ली, 11 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय शेयर बाजार लगातार तीसरे सत्र में लाल निशान पर बंद हुआ। बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में करीब एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। बाजार आईटी, ऑटो और ऊर्जा शेयरों में भारी बिकवाली से प्रभावित हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 689.81 अंक या 0.83 प्रतिशत गिरकर 82,500.47 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 748.03 अंक या 0.89 प्रतिशत गिरकर 82,442.25 अंक पर आ गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 205.40 अंक या 0.81 प्रतिशत गिरकर 25,149.85 पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयरों में जून तिमाही की आय की रिपोर्ट के बाद 3.46 प्रतिशत की गिरावट आई। महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, टाटा मोटर्स, टाइटन, एचसीएल टेक, बजाज फाइनेंस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, ट्रेंट, इंफोसिस और एचडीएफसी बैंक अन्य प्रमुख पिछड़ने वाले शेयरों में शामिल थे। हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) के शेयरों में 4.61 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जब यह घोषणा की गई कि प्रिया नायर 1 अगस्त, 2025 से कंपनी की पहली महिला सीईओ और एमडी बनेंगी। एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, इटर्नल और भारतीय स्टेट बैंक भी लाभ में रहे। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि पहली तिमाही के आय सत्र की धीमी शुरुआत और टैरिफ अनिश्चतताओं ने बाजार में नकारात्मक गिरावट दर्ज की गई। निवेशक गिरावट पर खरीदारी की रणनीति के तहत तिमाही आय पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। हालाँकि, निकट भविष्य में, मौजूदा प्रीमियम मूल्यांकन और कम खर्च और टैरिफ अनिश्चितताओं जैसी वैश्विक चुनौतियाँ नए निवेश को रोक सकती हैं। इसके अलावा ऑर्डरों में देरी और नए निवेश के कारण आईटी सूचकांक का प्रदर्शन कमजोर रहा। इसका वित्त वर्ष 2026 के आय अनुमानों पर असर पड़ सकता है। एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक नीचे बंद हुआ, जबकि शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग ऊपर बंद हुआ। यूरोपीय बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। गुरुवार को अमेरिकी बाजार सकारात्मक दायरे में बंद हुए। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.31 प्रतिशत बढ़कर 68.85 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 221.06 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे।

# भारत का न हो क्रिप्टोकरेंसी में खेल

## आरबीआई जल्द ला सकता है नई पॉलिसी



नई दिल्ली, 11 जुलाई (एजेंसियां)। भारत में क्रिप्टोकरेंसी को लेकर लंबे समय से चर्चाएं तो हो रही हैं, लेकिन अब लगता है कि असली एक्शन शुरू होने वाला है। डिजिटल सिक्कों की इस दुनिया में जहां एक ओर अमेरिका जैसे देश खुलकर मैदान में उतर चुके हैं, वहीं भारत अब तक किनारे खड़ा देख रहा था। लेकिन अब रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने साफ संकेत दे दिए हैं देश में क्रिप्टो का खेल यूं ही बिना नियमों के नहीं चलने वाला। आरबीआई जल्द ही एक ठोस और सख्त नीति लाने की तैयारी में है। दरअसल, भारतीय रिजर्व बैंक इन दिनों क्रिप्टोकरेंसी पर दुनिया भर में हो रहे बदलावों पर करीबी नजर रख रहा है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने हाल ही में संसद की वित्त मामलों की स्थायी समिति को बताया कि भारत भी क्रिप्टो पर एक पॉलिसी पेपर लाने की तैयारी कर रहा है। यह पेपर सरकार के उच्च स्तर से मंजूरी मिलने के बाद जल्द जारी किया जा सकता है। दुनिया भर में क्रिप्टोकरेंसी को लेकर चर्चा फिर से तेज हो गई है, खासकर अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के रुख में बदलाव के बाद। पहले क्रिप्टो के खिलाफ रहने वाले ट्रंप अब इसके समर्थन में आ गए हैं। उनके नेतृत्व में अमेरिका न सिर्फ बिटकॉइन रिजर्व बना रहा है, बल्कि क्रिप्टो को लेकर सकारात्मक कानून बनाने की तैयारी में भी है। संजय मल्होत्रा का कहना है कि भारत में डिजिटल लेनदेन के लिए पहले से ही यूपीआई जैसी मजबूत प्रणाली है, जो बेहतरीन ढंग से काम कर रही है। इसलिए फिलहाल क्रिप्टोकरेंसी की देश में जरूरत महसूस नहीं होती। हालांकि, आरबीआई इस पर काम कर रहा है ताकि भविष्य में कोई स्पष्ट नीति हो। आरबीआई पहले भी क्रिप्टो को लेकर अपनी चिंता जाहिर कर चुका है। बैंक का कहना है कि क्रिप्टो का इस्तेमाल मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद को फंडिंग देने जैसे गलत कामों में हो सकता है। इसके अलावा यह देश की आर्थिक स्थिरता को भी नुकसान पहुंचा सकता है। आरबीआई फिलहाल अपनी खुद की डिजिटल करेंसी पर काम कर रहा है, जो क्रिप्टो का एक सुरक्षित और अधिक भरोसेमंद विकल्प होगी। वहीं भारत सरकार ने क्रिप्टो पर 30% टैक्स तो लगाया है, लेकिन अभी तक इसे कानूनी मान्यता नहीं दी है। देश में काम करने वाले क्रिप्टो एक्सचेंज को फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट में रजिस्ट्रेशन भी अनिवार्य कर दिया गया है।

**भारत की अर्थव्यवस्था पर भी चर्चा**

आरबीआई ने समिति को यह भी बताया कि भारत आने वाले समय में दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा। हालांकि, वैश्विक तनाव और बाजार की अनिश्चितता से महंगाई बढ़ने का खतरा बना हुआ है। अंतरराष्ट्रीय एजेंसी एसएंडपी ने भी भारत की आर्थिक विकास दर का अनुमान 6.3% से बढ़ाकर 6.5% कर दिया है।

# सस्ती हो सकती हैं करीब 200 महंगी दवाएं

## कस्टम ड्यूटी में छूट देने की सिफारिश, कौन–कौन हैं लिस्ट में



नई दिल्ली, 11 जुलाई (एजेंसियां)। एचआईवी और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को कुछ राहत मिल सकती है। एक सरकारी पैनल ने करीब 200 जरूरी दवाओं पर कस्टम ड्यूटी में छूट देने की सिफारिश की है। इसमें कैंसर की कुछ दवाओं पर आयात शुल्क पूरी तरह खत्म करने की बात कही गई है। समिति ने पेमब्रोलीज़ुमाब , ओसिमर्टिनिब और ट्रास्तुज़ुमाब डेरुक्सटेकेन को पूरी तरह कस्टम ड्यूटी से मुक्त करने की सिफारिश की है। ये दवाएं कैंसर के इलाज में काम आती हैं। इनकी एक डोज की कीमत लाखों में होती है। यही वजह है कि ज्यादातर लोग इन्हें खरीद नहीं पाते हैं। ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया ने अगस्त 2024 में एक पैनल बनाया था ताकि महंगी दवाओं पर राहत दी जा सके। पैनल ने कैंसर के अलावा ट्रांसप्लांट में काम आने वाली दवाओं, क्रिटिकल केयर मेडिसिन और एडवांस डायग्नोस्टिक किट पर भी छूट देने की सिफारिश की है। ये किट बाहर से मंगाई जाती हैं या भारत में मिलती नहीं हैं। इस लिस्ट में कैंसर और सिकल सेल एनीमिया के इलाज में काम आने वाली दवा हाइड्रॉक्सीयूरिया भी शामिल है। साथ ही एनोक्सापारिन के नाम से बिकने वाली लो मॉलिक्यूलर वेट हेपरिन को भी कस्टम ड्यूटी से मुक्त करने की बात कही गई है। इसका इस्तेमाल खून के थक्के जमने और डीप वेन थ्रोम्बोसिस को रोकने में होता है। 5% कस्टम ड्यूटी वाली लिस्ट में 74 दवाएं हैं जबकि पूरी छूट वाली लिस्ट में 69 दवाएं हैं। दुर्लभ बीमारियों के इलाज में काम आने वाली 56 दवाओं को भी कस्टम ड्यूटी से छूट देने की बात कही गई है। पैनल ने स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी, सिस्टिक फाइब्रोसिस, गौचर डिजीज, फैब्री डिजीज, लाइसोसोमल स्टोरेज डिसऑर्डर और वंशानुगत एंजाइम की कमी जैसी बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाओं पर कस्टम ड्यूटी हटाने की सिफारिश की है। इनमें से कुछ दवाएं दुनिया की सबसे महंगी दवाओं में से हैं। इनके एक कोर्स की कीमत करोड़ों में होती है। इस लिस्ट में ज़ोल्गेन्स्मा, स्पिनराज़ा, एव्रिस्डी, सेरेज़ाइम और तखज़ीरो जैसी दवाएं भी शामिल हैं। ये सभी दवाएं बहुत महंगी हैं और ज्यादातर भारतीय मरीजों के लिए इन्हें खरीदना नामुमकिन है। ज़ोल्गेन्स्मा को दुनिया की सबसे महंगी दवा माना जाता है जिसकी एक डोज 17 करोड़ रुपये की है।

# फॉक्सकॉन से चीनी विशेषज्ञों के लौटने से नहीं रुकेगा आईफोन उत्पादन, कंपनी के पास बैकअप प्लान तैयार




नई दिल्ली, 11 जुलाई (एजेंसियां)। भारत में आईफोन बनाने वाली ताइवनी कंपनी फॉक्सकॉन के कई चीनी तकनीकि विशेषज्ञ हाल ही में वापस चीन लौट गए हैं। सूत्रों ने बताया कि इस बीच केंद्र सरकार फॉक्सन के उत्पादन लक्ष्यों पर नजर रख रही है। एपल के पास इस समस्या से निपटने के लिए विकल्प हैं। यह मामला एपल और फॉक्सकॉन के बीच का है और कंपनियां अपने स्तर पर समाधान निकाल रही हैं। फॉक्सकॉन उन अग्रणी कंपनियों में से एक है जिसे सरकार द्वारा उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना के तहत चुना गया है। बताया जा रहा है कि ये चीनी पेशेवर फॉक्सकॉन की उत्पादन प्रक्रिया, असेंबली लाइन, संयंत्र डिजाइन और मशीनों को संचालित करने के लिए भारतीय कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने जैसे अहम कार्यों में लगे हुए थे। इनकी वापसी से आगामी आईफोन 17 सीरीज के उत्पादन पर असर पड़ने की अटकलें लगाई जा रही थीं। मोबाइल फोन के निर्माण में प्रयुक्त होने वाले अधिकांश उपकरण चीन से आते हैं और चीनी प्रौद्योगिकी पेशेवरों को इनके संचालन में विशेषज्ञता प्राप्त है। सूत्रों के मुताबिक, सरकार ने चीनी कर्मचारियों के लिए वीजा की सुविधा प्रदान की है। लेकिन अब कंपनियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उत्पादन में कोई बाधा न आए। भारत में आईफोन के उत्पादन से जुड़े उद्योग सूत्रों ने कहा है कि चीनी प्रौद्योगिकी पेशेवरों की वापसी से आईफोन 17 के उत्पादन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा और कंपनी भारत में उत्पादन बढ़ाने के लिए भी लगातार काम कर रही है। एप्पल ने इस साल भारत में आईफोन उत्पादन को 35 से 40 मिलयन यूनिट से बढ़ाकर 60 मिलियन यूनिट तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। एपल के सीईओ टिम कुक ने हाल में घोषणा की थी कि जून तिमाही में अमेरिका में बेचे जाने वाले सभी आईफोन भारत से शिप किए गए। भारत में निर्मित आईफोन ताइवानी अनुबंध निर्माता कंपनी फॉक्सकॉन के तमिलनाडु स्थित कारखाने में असेंबल किए जाते हैं। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, जो भारत में पेगाट्रॉन कॉर्प का संचालन करती है, एक अन्य प्रमुख निर्माता है। टाटा और फॉक्सकॉन आईफोन उत्पादन बढ़ाने के लिए नए संयंत्र स्थापित कर रहे हैं और उत्पादन क्षमता बढ़ा रहे हैं।

**मार्च में निर्यात में हुई 219 प्रतिशत की वृद्धि**

एपल ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष में भारत में 60 प्रतिशत अधिक आईफोन का निर्माण किया। इनकी अनुमानित कीमत 22 अरब डॉलर है। एसएंडपी ग्लोबल की रिपोर्ट के 2024 में अमेरिका में आईफोन की बिक्री 75.9 मिलियन यूनिट थी, जिसमें मार्च में भारत से निर्यात 3.1 मिलियन यूनिट था । रिपोर्ट में कहा गया कि एपल का भारतीय निर्यात पहले से ही मुख्य रूप से अमेरिका की ओर जा रहा है। यह 28 फरवरी, 2025 तक तीन महीनों में फर्म द्वारा निर्यात किए गए फोन का 81.9 प्रतिशत है। निर्यात में 219 प्रतिशत की वृद्धि के परिणामस्वरूप मार्च 2025 में यह बढ़कर 97.6 प्रतिशत हो गया। यह संभवतः फर्म द्वारा उच्च टैरिफ को रोकने की कोशिश को दर्शाता है। वित्त वर्ष 2025 में एपल ने भारत में करीब 1.5 लाख करोड़ रुपये मूल्य के आईफोन का निर्यात किया। भारत में एपल इकोसिस्टम देश में सबसे बड़े रोजगार सृजनकर्ताओं में से एक है। अनुमान है कि इसने देश के विभिन्न विक्रेताओं के माध्यम से लगभग 2 लाख लोगों को रोजगार दिया है। एक अधिकारी ने कहा कि भारत का स्मार्टफोन निर्यात अच्छी दर से बढ़ रहा है। देश इस क्षेत्र में एक स्थिर और महत्वपूर्ण खिलाड़ी बन गया है।

# 8.60 करोड रुपये तक की सैलरी: गूगल, मेटा और ओपन एआई में मची होड़, क्या आपके पास भी है यह टैलेंट ?

नई दिल्ली, 11 जुलाई (एजेंसियां)। दुनियाभर की बड़ी-बड़ी कंपनियां खास टैलेंट के लिए सैलरी स्ट्रक्चर में बदलाव कर रही हैं। गूगल ने अपनी सैलरी देने के तरीके में बड़ा बदलाव किया है। ये बदलाव इसलिए किया गया है ताकि कंपनी अच्छे कर्मचारियों को अपनी ओर खींच सके। खासकर, आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में जो मुकाबला चल रहा है उसमें आगे रहने के लिए ये जरूरी है। गूगल के अलावा मेटा और ओपनएआई भी ऐसे टैलेंट को करोड़ों रुपये का सैलरी पैकेज ऑफर कर रही हैं। बिजनेस इनसाइडर नाम की एक न्यूज वेबसाइट ने अमेरिका के श्रम विभाग के कुछ कागजात देखे। उनके अनुसार, गूगल में सॉफ्टवेयर इंजीनियर अब 340000 डॉलर (करीब 3 करोड़ रुपये) तक की बेसिक सैलरी पा सकते हैं। ये तो सिर्फ बेसिक सैलरी है, इसके अलावा उन्हें कंपनी के शेयर और बोनस भी मिलेंगे, जिससे उनकी कुल कमाई और भी ज्यादा हो जाएगी। प्रोडक्ट मैनेजर, एआई रिसर्चर और दूसरे टेक्निकल पदों पर काम करने वाले लोगों को भी बहुत अच्छे सैलरी पैकेज मिल रहे हैं। गूगल एआईकी दौड़ में सबसे आगे रहने के लिए ये सब कर रहा है। गूगल को मेटा और ओपनएआई जैसी कंपनियों से कड़ी टक्कर मिल रही है। ये कंपनियां भी एआई के क्षेत्र में अच्छे कर्मचारियों को अपनी कंपनी में लाने के लिए जोर लगा रही हैं। मेटा ने एआई में बहुत ज्यादा पैसा लगाया है। वो एआई रिसर्चर और इंजीनियरों को नौकरी पर रख रही है ताकि जेनरेटिव एआई और रियलिटी लैब्स डिवीजन को मजबूत किया जा सके। साल 2023 में मेटा के सीईओ मार्क जकरबर्ग ने कहा था कि एडवांस्ड एआई बनाना कंपनी का सबसे बड़ा इन्वेस्टमेंट है। खबरों के अनुसार, मेटा में सीनियर एआई रिसर्चर को शेयर और बोनस मिलाकर 600000 डॉलर (5.15 करोड़ रुपये) से लेकर 1 मिलियन डॉलर (करीब 8.60 करोड़ रुपये) तक मिल सकते हैं। माइक्रोसॉफ्ट द्वारा समर्थित ओपनएआई भी एआई के क्षेत्र में एक बड़ी कंपनी बनकर उभरी है। ओपनएआई में सीनियर रिसर्च इंजीनियर की बेसिक सैलरी




200000 डॉलर से 370000 डॉलर के आसपास है। इक्विटी मिलाकर उनका कुल पैकेज 800000 डॉलर से 1 मिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। कई ऑफर्स में प्रॉफिट पार्टिसिपेशन और शुरुआती इक्विटी स्टेक भी शामिल हैं। इससे ये ऑफर्स और भी आकर्षक हो जाते हैं, क्योंकि ओपनएआई की वैल्यू लगातार बढ़ रही है। सैलरी में ये बढ़ोतरी इसलिए हो रही है क्योंकि बड़ी टेक कंपनियां ऐसे लोगों को अपनी कंपनी में रखना चाहती हैं जो बड़े लैंग्वेज मॉडल, जेनरेटिव एआई टूल्स और दूसरी नई टेक्नोलॉजी को आगे बढ़ा सकें। एक्सपर्ट्स का कहना है कि ये ज्यादा सैलरी पैकेज सिर्फ नए लोगों को नौकरी पर रखने के लिए नहीं हैं, बल्कि अच्छे कर्मचारियों को कंपनी में बनाए रखने के लिए भी जरूरी हैं।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**



श्री सिद्धार्थी नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082
शक संवत् -1947, सूर्य दक्षिणायन ऋतु- वर्षा
महावीर निर्वाण संवत् -2551
कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426874
सूर्योदय 05-52, सूर्यास्त 18-50
कलियुग संवत् -5126 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949126
सृष्टि प्रारंभ संवत्-1955885126

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य- | मिथुन में | मिथुन... | 03-56 बजे |
| चंद्र- | मकर में | कर्क... | 06-09 बजे |
| मंगल | सिंह में | सिंह... | 08-20 बजे |
| बुध- | कर्क में | कन्या... | 10-27 बजे |
| गुरु- | मिथुन में | तुला... | 12-34 बजे |
| शुक्र- | वृष में | वृश्चिक... | 14-42 बजे |
| शनि- | मीन में | धनु... | 16-56 बजे |
| राहु- | कुंभ में | मकर... | 19-06 बजे |
| केतु- | सिंह में | कुंभ... | 20-53 बजे |
| | | मीन... | 22-31 बजे |
| | | मेष... | 00-07 बजे |
| | | वृष... | 02-40 बजे |

दिशाशूल - पूर्व - अदरक खाकर घर से निकले
तिथि- द्वितीया 01-46 तक उपरान्त तृतीया
मास - श्रावण कृष्ण , शनिवार 12 July
नक्षत्र - उत्तराषाढ़ा 05-56 तक उपरान्त श्रवण
योग - विष्कुंभ 19-31 तक उप विष्कुंभ
करण- तैतिल 14-00 तक उप गर
विशेष-
व्रत त्योहार - फल द्वितीया

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल** 09:06 से 10:44 तक

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | | | राात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05:52 - 07:28 | अशुभ | लाभ। | 18:50 - 20:15 | शुभ |
| शुभ | 07:28 - 09:06 | शुभ | उत्पात | 20:15 - 21:38 | अशुभ |
| रोग | 09:06 - 10:44 | अशुभ | शुभ | 21:38 - 22:59 | शुभ |
| उत्पात | 10:44 - 12:22 | अशुभ | अमृत | 22:59 - 00:22 | शुभ |
| चंचल। | 12:22 - 13:59 | शुभ | चंचल | 00:22 - 01:44 | शुभ |
| लाभ | 13:59 - 15:38 | शुभ | रोग | 01:44 - 03:06 | अशुभ |
| अमृत. | 15:38 - 17:15 | शुभ | काल। | 03:06 - 04:28 | अशुभ |
| काल | 17:15 - 18:50 | अशुभ | लाभ. | 04:28 - 05:52 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,) आप उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं और आज आपको इसके लिए कई अच्छी संस्थाओं से प्रस्ताव भी मिलेंगे । छात्रवृति भी मिल सकती है । कोई आपका फायदा उठाने की ताक में है, प्रारम्भिक व्यवस्था करते हुए और सूचनाएं एकत्र करने में सावधान रहें ।

**वृष** (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,) खुशियाँ मनाने का समय है । आपके किसी करीबी की शादी है । इस जोड़े को आपसे बहुत शुभकामनाएँ मिलेंगी । अगर किसी से प्यार करते हैं तो उससे शादी के बारे में सोच सकते हैं । जो पहले से शादीशुदा हैं,उनके लिए पार्टी में मजे करने का समय है । आप ऊर्जा का उछाल महसूस कर सकते हैं,।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,) दिन के आगे बढने के साथ चिंता भी बढ़ेगी । लेकिन लक्ष्य प्राप्त करने तक हिम्मत ना छोड़ें । हारना या जीतना नही,आपके प्रयास सबसे अधिक महत्वपूर्ण हैं । आपने निरंतर प्रयास किये हैं ,लेकिन अभी इन्हें बनाये रखना होगा । समस्याओं की तह तक जाने की कोशिश करें ताकि इन्हें हमेशा के लिए ख़तम कर सकें ।

**कर्क** (ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,) यह आपके लिए अपने आप से किये हुए वादों और अपनी योजनाओं को अमल में लाने का बहुत अच्छा समय है । नयी योजनायें भी जल्दी ही कामयाब होंगीं । हालाँकि, दोस्तों के साथ मजे करने और थोड़े मनोरंजन के लिए भी अच्छा समय है । इसीलिए शाम को सामाजिक गतिविधियों में भी शामिल होने की योजना बना सकते हैं ।

**सिंह** (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,) कोई नया काम शुरू करने के लिए दिन विशेष रूप से अच्छा है । अगर आप अपनी नौकरी या करियर में कोई बदलाव लाने या कोई नया सम्बन्ध बनाने के बारे में सोच रहे हैं तो आज से अच्छा कोई भी दिन नही हो सकता । अगर आपको इसमें कोई जोखिम लगता भी है तो भी एक मौका जरुर लें और सब कुछ जैसे आप चाहते हैं,बिलकुल वैसे ही होने की पूरी संभावना है ।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) अब आपका हर काम और पूरा ध्यान अपने करियर के लिए है । आप इस पर बिलकुल अपना पूरा ध्यान और समय लगा रहे हैं । आपको थोड़ी सी राहत की जरुरत है और अच्छी बात यह है कि आप तब भी अपना लक्ष्य हासिल कर पायेंगे । अपने काम के जाल से बाहर निकलकर परिवार को भी समय दें ।

**तुला** (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,) आपकी सोच आज अद्भुत रूप से साफ़ और स्पष्ट है और आज आप अपने कार्यों के आने वाले समय में लाभ का बिलकुल ठीक अंदाजा लगा पायेंगे । इसीलिए आज का दिन आपके रास्ते में आने वाले अवसरों और निवेश का मुलांकन करके किसी सही निर्णय पर पहुंचने के लिए बिलकुल ठीक है ।

**वृश्चिक** (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,) आज आप अधिकार जताने के मूड में हैं । आप सबसे आगे रहकर अपना अधिकार जताना चाहते हैं । इस बारे में सावधान रहें कि आपको अभिमानी न समझा जाए । आप न चाहते हुए भी किसी को परेशान कर सकते हैं । अगर आपको लगता भी है कि आप सब जानते हैं और सबसे बेहतर कर सकते हैं तब भी कार्य में औरों का सहयोग लेने की कोशिश करें ।

**धनु** (ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे) आज आपके लिए बहुत सारा काम है ,व्यस्त रहेंगे । जल्दी के चक्कर में अपने किसी शुभचिन्तक को नाराज ना करें । नम्र बने रहें । आपकी सकारात्मकता के कारण नए अवसर मिलेंगे । धीरज रखें ,परिवर्तन ही शाश्वत नियम हैविसिलिये बदलाव तो आपके जीवन में भी होना ही है ।

**मकर** (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी) आपकी मन की आवाज अब सक्रिय है और हर काम में आपका बहुत अच्छा मार्गदर्शन करेगी । आप मजे मजे में भी आसानी से जोखिम उठा पाने की स्थिति में हैं । भाग्य आपके साथ है फिर भी आपको कोई भी कदम उठाने से पहले दो बार सोच लेना चाहिए । आप भावनाओ की बाढ़ को अनुभव करेंगे ।

**कुंभ** (गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,) आज का दिन अपने जीवन की वर्त्तमान स्थिति का मूल्यांकन करने और अपनी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर बांटने के लिए बिलकुल उपयुक्त है । अगर आप पिछले कुछ समय से आलसी महसूस कर रहे हैं और काफी सारा काम इकठ्ठा हो गया है,आज अपने अन्दर असीमित ऊर्जा अनुभव करेंगे।

**मीन** (दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची) आपकी अपने पिछले समय में से किसी पुराने व्यक्ति से मिलने की सम्भावना है और यह व्यक्ति आपके भविष्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा । सहायता करने और लेने में अपने पूर्वाग्रहों को आड़े ना आने दें ,इससे आपकी प्रगति के नए रास्ते खुल सकते हैं । अब कोई भी बदलाव नयी सफलता ही लाएगा ।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र



# बिजनेसमैन ने गर्ल्स सैनिक स्कूल के लिए दी 108 करोड़ की प्रॉपर्टी

## बीकानेर में पाकिस्तान बॉर्डर के पास बनेगा, 2026 से शुरू होंगे एडमिशन



बीकानेर, 11 जुलाई (एजेंसियां)। बीकानेर में राजस्थान का पहला गर्ल्स सैनिक स्कूल शुरू होने जा रहा है। बीकानेर मूल के कोलकात्ता बेस्ड बिजनेसमैन पूनमचंद राठी ने स्कूल के लिए 108 करोड़ की प्रॉपर्टी दान की है। स्कूल का पहला सत्र साल 2026 में शुरू होने की संभावना है। इसके लिए देशभर से एग्जाम के जरिए बेटियों का सिलेक्शन किया जाएगा। भारत-पाकिस्तान बॉर्डर से करीब 150 किलोमीटर दूर जयमलसर गांव में ये स्कूल होगा। इसमें एडमिशन अगले साल से शुरू होंगे। शुक्रवार को एक विशेष समारोह में स्कूल के लिए दान की गई जमीन और बिल्डिंग के डॉक्यूमेंट्स सौंपने का औपचारिक कार्यक्रम होगा। इसमें केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल और राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर भी मौजूद रहेंगे।

**सबसे पहले जानिए-कौन है प्रॉपर्टी दान करने वाला राठी परिवार**

रामनारायण राठी परिवार बीकानेर के जयमलसर से ही संबंध रखता है। कोलकात्ता बेस्ड बिजनेस वाली इस फैमिली की गिनती बड़े बिजनेस घरानों में होती है। फैमिली का टेक्सटाइल और कंस्ट्रक्शन का बिजनेस है। बिजनेस के साथ फैमिली सोशल कार्यों में भी एक्टिव है। विशेषकर बीकानेर जिले में फैमिली की ट्रस्ट ने हॉस्पिटल वार्ड, धर्मशाला, स्कूल की बिल्डिंग सहित कई निर्माण कार्य करवाए हैं। ट्रस्ट के संचालक पूनमचंद राठी ने बताया कि उन्होंने अपने माता-पिता की याद में ये बिल्डिंग और जमीन सरकार को दान में दी है।

**एडमिशन के लिए एंट्रेंस एग्जाम देना होगा**

सैनिक स्कूल में एडमिशन के लिए अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा (एआईएसएसईई) पास करना होगा। जो नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) आयोजित करती है। कक्षा 6 और 9 में प्रवेश के लिए ये परीक्षा होती है। परीक्षा में सफल होने के बाद स्टूडेंट का मेडिकल टेस्ट और काउंसलिंग भी होगी। ये एंट्रेंस एग्जाम एनटीए हर साल करवाता है, जिसे शिक्षा विभाग मैनेज करेगा। इस स्कूल में हर क्लास में 80 छात्राओं को प्रवेश दिया जाएगा।

**राजस्थान में ऐसे 9 स्कूल खोले जाएंगे**

राजस्थान में ऐसे 9 सैनिक स्कूल खोलने की योजना है। इसकी घोषणा राज्य सरकार ने 2024-25 और 2025-26 में की थी। एक स्कूल श्रीगंगानगर में बनाया जाएगा। जो कि नॉर्मल सैनिक स्कूल होगा। सभी 9 सैन्य स्कूलों में साइंस के सभी विषयों को पढ़ाने की व्यवस्था होगी। ये स्कूल पूरी तरह हॉस्टल सुविधा वाले होंगे। इनके एग्जाम राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड आयोजित कराएगी।

**आधुनिक सुविधाओं वाला होगा स्कूल**

इस स्कूल में सेना में जाने के ड्रीम को पूरा करने की हर तैयारी यहां कराई जाएगी। जानकारी के अनुसार देश में संचालित हो रहे दूसरे सैन्य स्कूलों की तरह यहां पूरी सुविधाएं डेवलप की जाएंगी। इस स्कूल के साथ राजस्थान में खुलने वाले दूसरे सैनिक स्कूल भी चित्तौड़गढ़ के सैनिक स्कूल की तरह चलाए जाएंगे। हर स्कूल में प्रधानाचार्य और हॉस्टल वार्डन सेना से रिटायर्ड अधिकारी होंगे। बाकी के शिक्षक और कर्मचारी राज्य सरकार की सेवा में कार्यरत लोगों में से लिए जाएंगे।




# सरकार का 12वीं क्लास में 'आजादी के बाद का स्वर्णिम भारत' बुक नहीं पढ़ाने का फैसला

अजमेर, 11 जुलाई (एजेंसियां)। राजस्थान बोर्ड 12वीं की किताब 'आजादी के बाद का स्वर्णिम भारत' पर सियासी बवाल के बाद अब माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान ने सीनियर असिस्टेंट डायरेक्टर दिनेश कुमार ओझा को एपीओ कर दिया है। अब उनका मुख्यालय शिक्षा निदेशालय बीकानेर किया गया है। दरअसल, इस किताब में गांधी-नेहरू परिवार सहित कांग्रेसी प्रधानमंत्रियों पर काफी कंटेंट है, लेकिन 11 साल से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योगदान पर पढ़ने के लिए बहुत कम जानकारी दी गई है।

मोदी को तवज्जो नहीं मिलने के कारण अब सरकार ने किताब विद्यार्थियों को नहीं पढ़ाने का फैसला कर लिया है। इस फैसले पर कांग्रेस ने कहा- सरकार का यह कदम शिक्षा व्यवस्था पर वैचारिक प्रहार है। किताब राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने तैयार कराई है। राज्य पाठ्यपुस्तक मंडल नए सत्र (2025) के लिए छपकर आईं 4.90 लाख किताबों को 19,700 स्कूलों में बांट रहा है। इतना ही नहीं, करीब 80 फीसदी किताब वितरित हो चुकी हैं।

**ओझा बोले-मुझे क्यों हटाया, कारण नहीं पता?**

असिस्टेंट डायरेक्टर दिनेश कुमार ओझा ने कहा-किताब सरकार की परमिशन से ही छापी गई है। 2026-27 में सिलेबस रिवाइज होना है। इस साल वही किताब दी गई, जो पिछले सालों से चली आ रही है। अब मुझे क्यों हटाया है। किस कारण से हटाया। इस बारे में मैं कुछ नहीं कहना चाहता।

**बोर्ड में डेपुटेशन पर थे ओझा**

बोर्ड सचिव कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया- सीनियर असिस्टेंट डायरेक्टर दिनेश कुमार ओझा का अब मुख्यालय शिक्षा निदेशालय बीकानेर किया गया है। पहले एकेडमिक निदेशक राकेश स्वामी थे। इनको करीब डेढ़ महीने पहले ही सरकार ने हटाकर एपीओ कर दिया था।

किताब वितरित होने और ऐसे में रुपयों की बर्बादी पर शिक्षामंत्री मदन दिलावर ने कहा- 'बेकार जाएंगे तो चले जाएंगे पैसे, जहर थोड़े ही खाएंगे।' यानी गलत जानकारियां नहीं देंगे। किताबों में छपा कांग्रेसी गुणगान इसी साल उनकी नजर में आया। ऐसे में इन किताबों को नहीं पढ़ाने का फैसला किया गया है।

# ऑनर किलिंग में लिव-इन पार्टनर की हत्या के मामले में करिश्मा का पिता गिरफ्तार

अजमेर, 11 जुलाई (एजेंसियां)। अजमेर में ऑनर किलिंग के एक सनसनीखेज मामले में पुलिस ने करिश्मा के पिता बस्तीराम को गिरफ्तार कर लिया है। यह मामला सहदेव भाकर की निर्मम हत्या से जुड़ा है, जो करिश्मा का लिव-इन पार्टनर था। सिविल लाइन थानाधिकारी शंभू सिंह शेखावत ने बताया कि आरोपी बस्तीराम ने अजमेर रोडवेज बस स्टैंड से सहदेव का अपहरण कर उसे कैंपर गाड़ी में जबरन बैठाया था।

इसके बाद करिश्मा के छोटे भाई सहित अन्य लोगों ने मिलकर सहदेव की बेरहमी से पिटाई की, जिससे उसकी मौत हो गई। हत्या के बाद शव को खेत में फेंककर आरोपी फरार हो गए थे। बस्तीराम घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था। थाना प्रभारी शंभू सिंह शेखावत के अनुसार, जायल, जिला नागौर निवासी बस्तीराम (47) पुत्र दुर्गाराम को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में हेड कॉन्स्टेबल विजय सिंह की विशेष भूमिका रही।



**करिश्मा ने भी की थी आत्महत्या**

इस घटना के महज कुछ दिन बाद, 26 जून को करिश्मा ने आत्महत्या कर ली थी। यह प्रेम कहानी करिश्मा और कॉलेज टीचर सहदेव भाकर की थी, जो सामाजिक बंधनों और परिवार की रुढ़िवादी सोच की बलि चढ़ गई। करिश्मा अजमेर के धारणा गांव की रहने वाली थी। जब वह 11-12 साल की थी, तब उसका बाल विवाह कर दिया गया था, लेकिन उसने यह रिश्ता स्वीकार नहीं किया। आगे चलकर नर्सिंग की पढ़ाई के दौरान उसकी मुलाकात कॉलेज में पढ़ाने वाले सहदेव भाकर से हुई और दोनों में प्रेम हो गया।

परिवार के विरोध के बावजूद, करिश्मा और सहदेव ने साथ रहने का फैसला किया और रातंगा गांव में लिव-इन में रहने लगे। यह बात करिश्मा के परिवार को नागवार गुज़री और उन्हें यह रिश्ता 'परिवार की इज्जत' के खिलाफ लगा।

**साजिश का मास्टरमाइंड चाचा**

पुलिस जांच में सामने आया है कि हत्या की साजिश करिश्मा के चाचा रामकिशोर ने रची थी। वह पिछले छह महीनों से इस रिश्ते को लेकर नाराज था और उसने ठान लिया था कि या तो करिश्मा या सहदेव में से किसी एक को खत्म करना है।

पुलिस के अनुसार, अब तक इस मामले में सात आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। इनमें चाचा रामकिशोर (37), बड़ी बहन ललिता, जीजा महिपाल, कैंपर ड्राइवर कैलाश राम (40), करिश्मा के पहले पति का चाचा कुन्नाराम (53), ओमप्रकाश (40) और अब पिता बस्तीराम शामिल हैं।

# सड़क हादसे में पति-पत्नी सहित 3 की मौत

चूरू, 11 जुलाई (एजेंसियां)। चूरू में खड़े डंपर के पीछे से ईको कार टकरा गई। हादसे में पति-पत्नी सहित 3 लोगों की मौत हो गई। हादसे में कार सवार 7 लोग घायल हो गए। कार सवार खाटूश्याम और सालासर बालाजी के दर्शन कर वापस लौट रहे थे। हादसा सुजानगढ़ थाना इलाके के मगरासर फांटा और कानूता चौकी के पास शुक्रवार रात को हुआ।

पति-पत्नी सहित 3 की मौत

डीएसपी दरजाराम ने बताया कि बाड़मेर के बालोतरा के पाटोदी का रहने वाला परिवार अपनी गाड़ी से खाटूश्याम और सालासर बालाजी के दर्शन कर वापस लौट था। इसी दौरान रात के अंधेरे में बीच सड़क पर खड़े डंपर में कार पीछे से टकरा गई। हादसे में महावीर (25), सुरेश कुमार (35) और ऊषा (32) की मौके पर ही मौत हो गई। डीएसपी ने बताया कि हादसे में हिमांशी (11) पुत्री सुरेश, लक्षित (2) पुत्र महावीर, अनुष्का (13) पुत्री सुरेश, धापू (23) पत्नी महावीर, दिवांशु (9) पुत्र सुरेश, रिंकू (45) पुत्री किशनाराम, रवीना (18) पुत्री अजयराम घायल हो गए।

# भाजपा नेता नरदेव यादव पर फायरिंग केस में बड़ी कार्रवाई

## तीन आरोपी गिरफ्तार, दो पुलिसकर्मी निलंबित-दो हमलावर अब भी फरार

नीमराना, 11 जुलाई (एजेंसियां)। नीमराना थाना क्षेत्र में 4 जुलाई की रात भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष नरदेव यादव पर हुई जानलेवा फायरिंग की घटना में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, वहीं कोटपुतली-बहरोड़ पुलिस के दो जवानों को उनकी संदिग्ध भूमिका के चलते निलंबित कर दिया गया है। अब भी दो आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं।

**गिरफ्तार आरोपी और जब्ती**

नीमराना थाना प्रभारी के अनुसार, गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान कालियाहेड़ा गांव निवासी राजवीर उर्फ राजू (38), संजय (34) और पंकज (28) के रूप में हुई है। पुलिस ने इन तीनों को घीलौठ औद्योगिक क्षेत्र से दबोचा। साथ ही घटना में प्रयुक्त दो कारें भी पुलिस ने जब्त कर ली हैं, जो फायरिंग के दौरान इस्तेमाल की गई थीं।

**पुलिसकर्मियों की संदिग्ध भूमिका उजागर**

जांच के दौरान डीएसटी (डिसर्ट्रिक्ट स्पेशल टीम) प्रभारी हेड कॉन्स्टेबल राकेश कुमार और सोशल मीडिया सेल के कॉन्स्टेबल उम्मेद सिंह की भूमिका संदिग्ध पाई गई। इस पर संज्ञान लेते हुए कोटपुतली-बहरोड़ के पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने दोनों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। सूत्रों के अनुसार, इन दोनों पुलिसकर्मियों पर आरोपियों को सहायता देने या सूचना लीक करने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, इस हमले में दो अन्य व्यक्ति-बर्डोद निवासी योगेश सैनी उर्फ राहुल और भूपखेड़ा का विजेंद्र-भी शामिल थे, जो अब तक फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। इन पर हमले की मुख्य साजिश रचने का संदेह है। यह हमला 4 जुलाई की रात हुआ था, जब नरदेव यादव अपने माधोसिंहपूरा स्थित सैम पीजी में मौजूद थे। उसी दौरान दो कारों में सवार बदमाश आए और उन पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इस हमले में नरदेव के दोनों पैरों में गोली लगी, जबकि हमले से उन्हें बचाने की कोशिश कर रहे उनके साथी अक्षय को सिर में गंभीर चोट पहुंची। हमलावर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए थे।

# राजस्थान के जलदाय विभाग में करोड़ों का घोटाला

## हैंडपंप सही करने के लगाए फर्जी बिल, मंत्री बोले-दोषियों से होगी वसूली

जयपुर, 11 जुलाई (एजेंसियां)। राजस्थान के जलदाय विभाग में अधिकारियों और ठेकेदारों ने मिलीभगत से बिना काम किए ढाई करोड़ रुपए के बिल उठा लिए। जहां 300 से ज्यादा हैंडपंप को सही करने का दावा किया गया था, वहां एक भी हैंडपंप सही नहीं मिला है।

इतना ही नहीं नलकूपों की गहराई में भी घोटाला कर बिलों का भुगतान किया गया। मेंटेनेंस के लिए जिन काम का रिकॉर्ड बताया गया वे मौके पर ही नहीं मिले। मामला अलवर के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी (पीएचईडी) विभाग का है। इस मामले में प्रमुख शासन सचिव को शिकायत की गई। जब जांच कमेटी ने मामले की पड़ताल की तो कई खुलासे हुए।

# फेक आईडी बनाकर लड़कियों को झांसे में लेता था शमीम

## कई युवतियों को बनाया ब्लैकमेलिंग का शिकार

सीकर, 11 जुलाई (एजेंसियां)। सीकर पुलिस ने ब्लैकमेल करने वाले शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी शमीम सोशल मीडिया पर युवतियों से दोस्ती कर उन्हें ब्लैकमेल करता था। आरोपी विभिन्न सोशल मीडिया और चैटिंग ऐप्स पर लड़कियों के नाम से आईडी बनाकर युवतियों से दोस्ती करता था और फिर उन्हें ब्लैकमेल कर पैसे ऐंठता था। कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अलग-अलग आईडी बनाकर युवतियों को झांसे में लेता था। दोस्ती होने के बाद वह चैट, वॉयस कॉल और वीडियो कॉल को रिकॉर्ड कर लेता था। इन्हीं रिकॉर्डिंग, युवतियों की तस्वीरों और नंबरों का इस्तेमाल कर उनसे पैसे वसूल करता था। गिरफ्तार आरोपी शमीम के मोबाइल से कई संदिग्ध चैट भी मिली हैं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

**लड़की को ऐसे पता चली सच्चाई**

हाल ही में 9 जुलाई को लोसल पुलिस थाने में एक युवती ने शिकायत दर्ज कराई कि आरोपी उसे पिछले 2 साल से परेशान कर रहा है। पीड़िता ने बताया कि वह एक ऐप का इस्तेमाल करती थी, जहां आरोपी शमीम ने खुद को लड़की बताकर उससे दोस्ती की। बाद में उसने उसका फोन नंबर हासिल कर लिया और उसके फोन से तस्वीरें व अन्य नंबर हैक कर लिए। इसके बाद आरोपी ने रोहन नाम से लड़के की आईडी बनाकर बताया कि वह ही लड़की के रूप में उससे बात कर रहा था। अगर वह उससे बात नहीं करेगी तो वह उसके घर फोन करके बता देगा कि वह एक ऐप चलाती है और लड़कों से बात करती है।

**वीडियो कॉल की धमकी, फिर पैसे की मांग करने लगा आरोपी**

आरोपी की धमकी के बाद युवती डर गई और युवक से बात करने लगी। इसके बाद आरोपी ने उसे वीडियो कॉल करने के लिए मजबूर किया और मना करने पर उसके पति को फोन कर दिया। जब पीड़िता ने फिर मना किया तो उसने पैसे की मांग की और धमकी दी कि अगर पैसे नहीं दिए तो उसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी शमीम को गिरफ्तार कर लिया है।

# युवक ने थाने में फंदा लगाकर किया सुसाइड

भरतपुर, 11 जुलाई (एजेंसियां)। भरतपुर में शुक्रवार सुबह पुलिस कस्टडी में युवक ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। युवक पर नाबालिग लड़की को भगाने का आरोप था। वह पॉक्सो के मामले में तीन दिन से उद्योग नगर थाने में बंद था। युवक के परिजन ने पुलिस पर हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों ने थाने के सामने पुलिस की बैरिकेडिंग लगाकर जाम लगा दिया। पुलिस ने समझाइश कर जाम को खुलवा दिया। पुलिस ने शव को आरबीएम अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। शव को शिफ्ट करने के दौरान मृतक के परिजनों ने पुलिस की गाड़ी रोकने की कोशिश की। परिजन थाने के बाहर धरने पर बैठे हैं। पुलिस परिजनों को समझाने का प्रयास कर रही है।

# थप्पड़कांड के आरोपी नरेश मीणा को हाईकोर्ट से जमानत

## 8 महीने बाद जेल से आएगा बाहर, उपचुनाव में एसडीएम से की थी मारपीट

जयपुर, 11 जुलाई (एजेंसियां)। देवली-उनियारा उपचुनाव-2024 में उपखंड अधिकारी (एसडीएम) को थप्पड़ मारने वाला नरेश मीणा जेल से बाहर आएगा।

